दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 180 | टोंक | शुक्रवार,28 फरवरी, 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## मौसम (जयपुर)

29.0° अधिकतम तापमान

21.0° न्यूनतम तापमान

## बाजार (शेयर बाजार)

सेंसेंक्स | 74,612.43 +10.31 (0.014%)

निफ्टी | 22,545.05 -2.50 (0.011%)

## सर्राफा (सोना/चांदी)

सोना | 88,075 /10g

चांदी | 98,000 /Kg

# लक्खी मेला आज से शुरू

## खाटू में होटल-धर्मशाला में एडवांस बुकिंग शुरू : किराया 500 से 5 हजार से भी ज्यादा



बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** खाटू मेले में आने वाले भक्तों ने होटल-धर्मशालाओं में एडवांस बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है। आज से बाबा श्याम का लक्खी मेला शुरू हो जाएगा। कई भक्त बाबा के साथ होली खेलने के बाद ही लौटेंगे।

रींगस रोड से लेकर खाटू धाम के 15 किलोमीटर के एरिया में करीब 2 हजार होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला और कॉटेज हैं। मंदिर के 5 किलोमीटर के दायरे में 200 धर्मशाला, 20 बड़े होटल, 300 छोटे होटल और गेस्ट हाउस और कई बाहरी राज्यों के ट्रस्ट बने हुए हैं।

होटल सवामणी एंड रेस्टोरेंट- खाटू नगरी में स्थित होटल सवामणी एंड रेस्टोरेंट भी एक बजट वाला होटल है। यहां एक रात का किराया 3000-3500 के बीच है। यहां एक डीलक्स रूम में 2 लोग रह सकते हैं।

यह 2 स्टार होटल है। होटल के संचालक अंकित अग्रवाल बताते हैं कि उनके होटल में एडवांस बुकिंग चल रही है। इसके अलावा श्रद्धालु काउंटर पर आकर भी होटल बुक कर रहे हैं। होटल श्याम- मेन मार्केट में स्थित होटल श्याम में एक रात का किराया 4 हजार रुपए है। यहां पार्किंग, वाईफाई जैसी सुविधा फ्री मिलती है। इनवायरमेंट के हिसाब से यह होटल काफी अच्छा है। होटल के रेस्टोरेंट में 300 रुपए तक राजस्थानी खाना मिल जाता है। यहां भी एडवांस बुकिंग चल रही है।

होटल हनुमान पैलेस- फैमिली के साथ रुकने के लिए यह होटल सबसे सस्ता है। यहां फैमिली डीलक्स रूम 2489 रुपए में मिल जाता है। जिसमें 1 बड़े रुम में 4-5 लोग रूक सकते हैं। वहीं सिंगल पर्सन के रुकने के लिए 1 रुम का रात का किराया 1579 रुपए है। यहां कम रेट में अच्छी सुविधाएं मिलती हैं।

महाकुंभ पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा

# कोई कमी रही हो तो माफ करना : मोदी

## इतना बड़ा आयोजन आसान नहीं था; यहां न कोई शासक था, न प्रशासक



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा है। इसका शीर्षक है- एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट..। उन्होंने लिखा- एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता, जैसा हमने महाकुंभ में देखा। इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करता हूं कि अगर हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो जनता का क्षमाप्रार्थी हूं।

पीएम ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा- योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को अगर हमने जाना होता और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती, लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए।

### 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक पर्व से जुड़ी

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे। हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

### हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान

बीते 45 दिन, प्रतिदिन मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी।

### इस विराट आयोजन का दुनिया में दूसरा उदाहरण नहीं

महाकुंभ का यह आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के बड़े आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है। ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

### दुनिया हैरान कि कैसे एक नदी तट पर करोड़ों लोग जुटे

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

### मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...

स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांगजन हों... जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है।

## आप विधायकों को विधानसभा जाने से रोका गया : आतिशी का प्रदर्शन

### प्रवेश वर्मा बोले- शीशमहल की जांच होगी, सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा सत्र के तीसरे दिन आप विधायकों को विधानसभा में जाने से रोका गया। इसके बाद नेता विपक्ष आतिशी के साथ विधायक विधानसभा परिसर के बाहर जय भीम के पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आतिशी ने कहा- देश के इतिहास में पहली बार विधायकों को विधानसभा जाने से रोका जा रहा है। आप के केवल एक विधायक अमानतुल्लाह खान सदन में मौजूद हैं। इस बीच दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- शीशमहल की जांच होगी। पिछली सरकार की तरफ से फॉलोअप नहीं होने की वजह से कई प्रोजेक्ट्स की लागत दोगुनी हो गई है। हम 2000 करोड़ रुपए के शराब नीति घोटाले पर सदन में चर्चा करेंगे। इधर, विधानसभा में आज सीएजी से जुड़ी कुछ रिपोर्ट्स पेश की जा सकती हैं। वहीं शराब नीति वाली सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री सीएम रेखा गुप्ता विधानसभा के डिप्टी स्पीकर पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम का प्रस्ताव रखेंगी। बिष्ट मुस्तफाबाद से भाजपा के विधायक हैं। इससे पहले सत्र के दूसरे दिन 25 फरवरी को सदन में दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने शराब नीति पर सीएजी रिपोर्ट पेश की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड, कल अजमेर बंद

#### कोर्ट में लंगड़ाते हुए पहुंचे आरोपी, एक और गिरफ्तारी, अब तक 12 को पकड़ा



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में पूर्व पार्षद सहित 5 आरोपियों को अजमेर पॉक्सो कोर्ट में पेश किया। इस दौरान आरोपी लंगड़ाते हुए चलते नजर आए। अजमेर कोर्ट ने पूर्व पार्षद को वापस 5 दिन के रिमांड पर भेजा है। वहीं 4 आरोपियों को जेल भेजने का आदेश दिया। बिजयनगर थाने की पुलिस ने मामले में अब तक 12 आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें 3 नाबालिग बाल सुधार गृह में है। पुलिस ने बुधवार देर रात भी एक आरोपी जावेद को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 8 आरोपियों को अजमेर कोर्ट ने जेल भेजा है। इससे पहले 25 फरवरी को मुख्य आरोपी लुकमान और सोहेब(20), सोहेल मंसूरी(19), रिहान मोहम्मद(20), और अफराज(18) को कोर्ट ने जेल भेजा था। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर 1 मार्च को अजमेर बंद का ऐलान किया है। बंद के दौरान सिर्फ मेडिकल सुविधा चालू रहेगी। वहीं गुरुवार को बिजयनगर में स्कूली छात्राओं ने काली पट्टी बांधकर और हाथों में तख्तियां लेकर आक्रोश रैली निकाली। जांच में पता चला कि आरोपी लड़की को स्कूल जाते समय रास्ते में रोकते थे। वे उसे मजबूर करते थे और अपने साथ कैफे और होटलों में जाने के लिए दबाव डालते थे। वे उससे कलमा पढ़वाते थे। वे उससे रोज़ा रखने के लिए कहते थे। सीओ सज्जन सिंह ने बताया- अब तक 12 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जिसमें से 3 नाबालिग बाल सुधार गृह में है। वहीं इनमें से एक आरोपी जावेद को को बुधवार रात को ही गिरफ्तार किया गया है। अजमेर पॉक्सो कोर्ट में आज रिमांड पर चले रहे पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी, कैफे संचालक श्रवण और आशिक, करीम और बुधवार रात गिरफ्तार किए गए

# ममता बोलीं- भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती

## बंगाल में भी यही चाल चलेंगे; भतीजे अभिषेक बोले- भाजपा में जाने की बातें अफवाह

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा, भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की। ममता ने कहा- भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा पाया। उन्होंने कहा- मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें। किसी भी दिन हत्रष्ट और सीएए के नाम पर सही वोटर्स के नाम हटाए जा सकते हैं। भाजपा ऐसा करके किसी तरह टीएमसी को हराना चाहती है। ममता ने वोटर लिस्ट की जांच के लिए पार्टी स्तर पर कमेटी भी बनाई है। ममता ने यह बात पार्टी कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग में कही।

उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो



वोटर लिस्ट सही करने और फर्जी वोटर हटाने को लेकर ईसी ऑफिस के सामने धरना दूंगी। अगर मैं नंदीग्राम में 26 दिन की भूख हड़ताल कर सकती हूं, तो ईसी के खिलाफ भी आंदोलन शुरू कर सकती हूं।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

## रिपोर्ट्स में दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव; विपक्ष विरोध जता चुका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पर संसद में हुआ था हंगामा 13 फरवरी को राज्यसभा में बीजेपी सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।



### विपक्ष का सवाल- जेपीसी रिपोर्ट से हमारी असहमतियों को हटाया गया

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं? सरकार का जवाब- विपक्षी सदस्य संसदीय प्रणाली के तहत रिपोर्ट में अपनी बातें जोड़ सकते हैं विपक्ष के आपत्ति के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं।




## सम्पादकीय

# नेशनल हाई-वे भी बनाइए, पेड़ भी बचाइए

केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद देश में नेशनल हाई-वे और एक्सप्रेस वे का निर्माण बड़ी तेजी के साथ शुरू हुआ। यह कार्य अनवरत जारी है। 2014-15 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो देश में कुल 97,830 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग थे। मार्च 2023 तक देश भर में अलग-अलग 145,155 किमी लंबे राजमार्ग हो चुके थे। ये कार्य निरंतर जारी है। राजमार्ग के साथ ही तेजी से जगह जगह स्टेट हाई वे और जिला मार्ग भी बन रहे हैं। इन मार्ग के बनाने के लिए भारी संख्या में सड़क के किनारे के पेड़ कट रहे हैं। कटने वालों पेड़ के मुकाबले लगने वाले वृक्षों की संख्या कम है। सरकारी आंकड़े हैं कि लगने वाले वृक्षों लगभग 24 प्रतिशत मर जाते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि किसी भी तरह का मार्ग बनाया जाए उसके किनारे के बड़े और पुरान पेड़ न काटें जाएं। उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए। लोकसभा में 22 जुलाई 2019 को दी गयी जानकारी में बताया गया था कि 2014 से 2019 के पांच साल के अंतराल में 1.09 करोड़ पेड़ काटने की अनुमति दी गई। सबसे ज्यादा अनुमति 2018-19 में 2691028 पेड़ काटने की दी गई। यह संख्या तो अनुमति लेकर काटे गए पेड़ों की है। मानना है कि इससे भी कई गुना पेड़ प्रति वर्ष बिना अनुमति लिए कट जाते हैं। ये काम उन अधिकारियों से मिलकर होता है, जो पेड़ों के कटान रोकने के लिए जिम्मेदार है। 13 दिसंबर 2021 को संसद में पेश किए गए एक लिखित जवाब के मुताबिक वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 के बीच देश भर में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत जितने पौधे लगाए गए थे, उसमें से 4.84 करोड़ पौधे खत्म हो गए। उन्होंने दावा किया कि इन पांच वर्षों में कुल 20.81 करोड़ पौधे लगाए गए । इसमें से 15.96 करोड़ पौधों को ही बचाया जा सका है। इस आधार पर यदि राष्ट्रीय औसत देखें तो प्रतिपूरक वनीकरण के तहत वन कटाई के बदले जितने पौधे लगाए जा रहे हैं, उसमें से 24 फीसदी पौधे तमाम कारणों से खत्म हो जाते हैं। एक पेड़ की कीमत जानने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी एक पेड़ की कीमत 74 हजार 500 रुपये प्रति सालाना हो सकती है। हर हर साल बीतने के साथ ही उसकी कीमत में ये राशि जुड़ जाती है। इस एक पेड़ की कीमत से हम अनुमान लाग सकते है कि प्रतिवर्ष लाखों पेड़ काट कर देश की कितनी बड़ी संपदा का हम दौहन कर रहे हैं। विकास के लिए जहां पेड़ों का कटना जरूरी है वहीं समय की जरूरत कुछ और है। वनों का तेजी के साथ दोहन होने से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जलवायु बदल रही है। सासों पर संकट बढ़ रहा है। पोल्यूशन बढ़ने के कारण आक्सीजन मिलना दुर्लभ होता जा रहा है। इसी से महानगरों में आदमी की आम आयू कम हो रही है। इसीलिए आज जरूरी हो गया है कि विकास के लिए पेड़ों को न काटा जाए। इन पेड़ों को काटने की जगह यदि इन्हें दूसरी खाली जगह पर ले जाकर लगाया जाए तो समस्या का निदान हो सकता है। कुछ जगह पर यह कार्य हुआ भी है। गाजियाबाद-दिल्ली ऐलिवेटेड रोड को बनाते समय 64 पेड़ उठाकर दूसरी जगह लगाए गए। उत्तराचंल में भी कई साल पहले यह कार्य हुआ। इसके लिए हम यह कर सकतें हैं कि छोटे पेड़ काट दिए जाएं किंतु बड़े पेड़ दूसरी जगह लगा दिए जाएं। पेड़ का लगाना बहुत सरल है। उसे देखरेख करना बड़ा करना बहुत ही कठिन है।

पेड़ों के दोहन में सरकारी नीति भी जिम्मेदार है। नियम है कि पेड़ के काटने के आवेदन के साथ-साथ यह वायदा कराया जाता है कि आज कटे एक पेड़ की जगह दो पेड़ लगाएंगे। प्रति पेड़ काटने के लिए वन विभाग को दो सौ रुपया प्रति पेड़ सुरक्षा धन जमा करना होता है। पेड़ लगाकर वन अधिकारी को आप दिखा देंगे कि पेड़ लगा दिए तो सुरक्षा धन वापस हो जाएगा। आज के समय में दो सौ रुपये कोई मूल्य नहीं रखता । इसलिए कोई पेड़ लगाता नहीं। वन अधिकारी ये दो सौ रुपया सुरक्षा राशि जब्त कर लेते हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 28 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गोवा से पहला ईसाई मिशनरी 1580 में अकबर के दरबार फतेहपुर सीकरी आया।
- मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम की 1712 में लाहौर में मृत्यु हुई।
- पश्चिम बंगाल में 1835 में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज शुरु हुआ।
- अमेरिका ने 1847 में सकरामेंटो के युद्ध में मेक्सिको को पराजित किया।
- मिस्र ने 1922 में ब्रिटेन से दोबारा आजादी प्राप्त की।
- भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने 1928 में रमन प्रभाव का आविष्कार किया जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरुस्कार दिया गया और इसी दिन को हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं।
- कोलकाता का हावड़ा पुल (रविन्द्र सेतु) 1943 में शुरू हुआ।
- अमेरिका ने 1975 में नेवादा परीक्षण स्थल से परमाणु परीक्षण किया।
- इराकी सुरक्षा बलों के सरेंडर के साथ 1991 में दुनिया बदलने वाली जंग 'खाड़ी युद्ध' खत?म हुआ।
- अमेरिका तथा गठबंधन सेना ने 1991 में इराक में युद्ध विराम की घोषणा की।
- ब्रिटेन एवं भारत के बीच 1992 में आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर।
- अमेरिका के कोलोराडो में 1995 में देनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू।
- क्लिंटन प्रशासन ने 1996 में पाकिस्तान को 35.6 करोड़ डॉलर के हथियार आपूर्ति न करने का फैसला किया।
- ब्रिटेन के एंडी एल्सन एवं कोलीन प्रेसकोट ने 1999 में 233 घंटे 55 मिनट तक गुब्बारे की मदद से आकाश में रहने का विश्व रिकार्ड बनाया।
- पुर्तगाल के सुप्रीम कोर्ट ने 2005 में मुंबई बम विस्फोट के अभियुक्त अबू सलेम के प्रत्यर्पण की इजाजत दी।
- मिलियन डालर बेबी को 2005 में चार आस्कर पुरस्कार।
- नेपाल में सरकार और संयुक्त मधेशी लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच 2008 में शांति समझौता हुआ।
- टॉम हूपर की फिल्म द किंग्स स्पीच को 2011 में हॉलीवुड कोडैक थियेटर में आयोजित ऑस्कर समारोह में सर्वश्रेष्ठ चलचित्र का पुरस्कार दिया गया।

### 28 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का 1865 में जन्म।
- भारत के 'प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़' के.एम. करिअप्पा का 1899 में जन्म।
- हिन्दी के प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं सम्पादक पंडित नरेंद्र शर्मा का 1913 जन्म।।

# महाकुंभ की सफलता ने दुनिया को चौंकाया

**यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है।**



– ललित गर्ग

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुनः अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी।

अमेरिका आबादी से दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुणा से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां आये हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा है। जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये अब जागरूक एवं संगठित नहीं होगा तो कब होगा? प्रयागराज महाकुंभ लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं देखकर दुनिया भौचक रह गयी। भीड़ प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटिलेंजेंस का उपयोग और ड्रोन व एंटी ड्रोन सिस्टम से संदिग्धों पर निगाह रखना भविष्य की पुलिसिंग की तस्वीर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि विश्व के कई देशों के विशेषज्ञ यहां भीड़ प्रबंधन पर शोध करने पहुंचे हैं। इतने बड़े आयोजन में एक दो घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं, जितना यह कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु उल्लास और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो लौटा। महाकुंभ ने उन सभी स्थानों के लिए एक मानदंड प्रस्तुत किया है, जहां कुंभ अर्धकुंभ के आयोजन होने हैं। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। महाकुंभ भारत की हिन्दू संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है यह न केवल हमारा विश्वास है बल्कि ऐतिहासिक, औपचारिक और सामाजिक सत्य भी है। भले ही भारतीय संविधान ने इसे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र न घोषित किया हो, लेकिन भारत का अस्तित्व और उसकी आत्मा सनातन धर्म में रची बसी है। इस तथ्य को न केवल भारत के नागरिक बल्कि समूची दुनिया भी स्वीकार करती है। भारत की पहचान केवल एक भौगोलिक इकाई तक ही सीमित नहीं है, यह एक महान सनातनी सभ्यता है, जिसकी जड़े हजारों वर्षों पुरानी है। ऋग्वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, पुराण और स्मृतियां हमारे सांस्कृतिक आधारस्तंभ है।

# शिक्षा,साक्षरता और संस्कार राष्ट्र के विकास के मजबूत पहिए

**शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।**



– संजीव ठाकुर

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैद्य जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैद्य साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैद्य शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैद्य ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैद्य सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैद्य ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैद्य वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैद्य महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैद्य पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैद्य पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती हैद्य ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैद्य अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



**गिर्राज बसवाल ( वरिष्ठ अध्यापक, एमजी अग्रेंजी माध्यम स्कूल )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं महात्मा गाँधी ईंगलिश स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक गिर्राज बसवाल। जी हां संर्घष का दौर जिसने नहीं देखा या नहीं जीया, सही मायने में उसने जिन्दगी को नहीं जीया। आज की हमारी शख्सियत के स्टार गिर्राज जी सच में बहुत संर्घषशील और कर्त्वयनिष्ठ इंसान हैं। 5 जुलाई 1979 को अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील के खोहरा मलावली गांव में जन्मे गिर्राज प्रसाद बसवाल की कहानी बड़ी मार्मिक है.. हंसता-खेलता 10 वर्षीय बालक, दुनियादारी से अनजान। अपनी मस्ती में मस्त रहने वाले उस नन्हे से बालक पर उस समय दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा जब उसके पिताजी का एक बीमारी के तहत देहांत हो गया। घर में मां और दो भाइयों के साथ इस नन्ही सी उम्र में जिंदगी को आगे बढ़ाना। एवरेस्ट की ऊंचाई को छूने से कम न था। हर विषम परिस्थितियों के बावजूद हर छोटा-मोटा काम करते हुए अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाया। सन् 1997 में गांव के ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयए खोहरा मलावली से 12जी पास की । आगे की पढ़ाई करने के लिए अलवर शहर के बाबू शोभाराम राजकीय आट्र्स कॉलेज से सन् 2000 में बीण् एण् एवं सन् 2002 में संस्कृत विषय में एमण्एण् की। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ए केंद्र सरकार से 2004 में बी.एड़ का प्रशिक्षण लिया एवं 2007 में संस्कृत साहित्य में आचार्य की डिग्री प्राप्त की। कठिनाइयों से कभी हार नहीं मानी हर वह काम चाहे वह छोटा ही क्यों न हो, बिना झिझके अपने श्रम से अर्जित किया। अपनी मेहनत, लगन एवं परिश्रम के साथ मार्च 2005 में राज्य सरकार में अध्यापक पद पर चयनोपरान्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खूंटेटा कलां, रामगढ़ अलवर में नियुक्त हुए। राजकीय सेवा के साथ ही राजनीति विज्ञान, हिंदी एवं भूगोल विषयों में एम.ए की डिग्री प्राप्त की। सन् 2016 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परसा का बास,अलवर में संस्कृत विषय के वरिष्ठ अध्यापक पद पर ज्वाइन किया। वर्तमान में जुलाई 2019 से संस्कृत विषय के वरिष्ठ अध्यापक पद पर साक्षात्कार उपरांत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नया बास, अलवर शहर में कार्यरत है। एक संदेश के साथ हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं कि सच में हम यदि परेशानियों से दु:खी होकर गलत रास्ता चुनते हैं तो समाज के लिए मिसाल नहीं बल्कि कलंक बनते हैं लेकिन गिर्राज जी ने हर मुसीबत का सामना किया हर परेशानी को गले लगाया और अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहे और मंजिल नजर आने लगी।

रूपक शर्मा

## 2025_057 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 1 | | | | | 4 | | 9 | |
| 5 | | | 2 | | | 6 | | |
| 2 | | 8 | | | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | | | | 2 | 9 |
| | 4 | 5 | | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | | | 1 | | 5 | 9 | 4 | |
| 3 | | | | 9 | | | 6 | 5 |
| 6 | | | | 4 | | | 1 | 8 |

**Ans_2025_056**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
नींद नहीं आएगी। सार्वजनिक रूप में स्वाभिमान को ठेस न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। पानी वाली जगहों के अधिक नजदीक न जाएं। आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा।

### वृष
आज आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात-निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

### मिथुन
आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है। आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है।

### कर्क
परिजनों के साथ मतभेद हो सकता है। आपके व्यवहार संयमित होंगे, तो बहुत-सी कठिनाइयों से बाहर निकल सकेंगे।सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

### सिंह
विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे-संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है।

### कन्या
आज आपकी रचनात्मक क्षमताएं प्रदर्शित होंगी। वैचारिक दृढ़ता के कारण सभी काम में आप सफल हो सकेंगे। आप वस्त्राभूषण, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे खर्च करेंगे। जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति के साथ खुशी के पल का आनंद ले सकेंगे।

### तुला
नए काम शुरू करने के लिए समय अच्छा नहीं है। आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। मित्रों के पीछे खर्च होने की संभावना है। शरीर और मन से अस्वस्थता महसूस होने के कारण उत्साह में कमी आएगी।

### वृश्चिक
मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे। भाग्य अधिक साथ देगा। नए काम शुरू करने के लिए उचित दिन है। संगीत और कला में आपकी रुचि बढ़ेगी।

### धनु
शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

### मकर
आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। प्रियजनों के साथ प्रेम के पल गुजार सकेंगे।

### कुंभ
मित्रों से लाभ होगा और यात्रा की संभावना भी है। व्यापार में वृद्धि और लाभ हो सकेगा। अविवाहितों का विवाह होगा। शुभ प्रसंग में जाने का कार्यक्रम हो सकता है। आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है।

### मीन
आपके विचार अधिक उग्र बनेंगे और आपके व्यवहार दूसरे पर हावी होंगे। आप बौद्धिक विचार-विमर्श में भाग ले सकेंगे, परंतु अभी आपको समाधानकारी व्यवहार अपनाना आवश्यक है। व्यापारी अपने व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे।

# विजयनगर घटना के विरोध में सकल हिन्दु समाज की ओर से आक्रोश रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

## महिलओं ने जताया भारी आक्रोश, बालिकाओ ने की फांसी देने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** सकल हिन्दु समाज मालपुरा के तत्वावधान में विजयनगर घटना के विरोध में आक्रोश रैली के बाद मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति पुलिस वृताधिकारी आशिष प्रजापत व तहसीलदार पवन मातवा को सौंपी। गुरूवार को सकल हिन्दु समाज के लोग पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर प्रांगण में एकत्रित हुए। यहां स्कली बालिकाऐं सहित नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के नेतृत्व में कई महिलाऐं मौन जुलुस के रूप में आक्रोश रैली के रूप में रवाना हुए। यह आक्रोश रैली शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल होते हुए उपखण्ड अधिकारी व पंचायत समिति कार्यालय के बीच वाले मैदान में पहुंची। यहां नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, एडवोकेट शशि जैन, एडवोकेट गीता वालिया, समाज सेविका विमला वालिया तथा भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोक जैन सहित अन्य कई लोगो ने सम्बोधन दिया। सभी वक्ताओं विजयनगर घटना पर गहरा आक्रोश प्रकट किया। साथ ही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कानून के उचित प्रावधान करने तथा विजयनगर घटना के आरोपितो को फांसी देने की मांग की। इस दौरान मौजुद बालिकाओ व महिलाओं ने विजयनगर जैसी घटनाओं को रोकनें के लिए सख्ती दिखाने, घटना के आरोपितो को फांसी देने संबंधी नारेबाजी की। वक्ताओं के सम्बोधन के बाद स्कूली बालिकाओं ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति वृताधिकारी आशिष प्रजावत व तहसीलदार पवन मातवा को सौंपी।

ज्ञापन में विजयनगर घटना के प्रति गहरा आक्रोश प्रकट किया गया। ज्ञापन में विजयनगर एवं अन्य स्थानो पर ब्लेकमेल कर व लव जेहाद के नाम से बालिकाओ व छात्राओ के साथ हो रही अमानवीय व दुष्कर्म की घटनाओं को शर्मशार करने वाली घटनाऐं बताकर इन्हें रोकने के उपाय करने, घटनाओं के दोषियो और उनके पोषण करने वालो की शीध्र पहचान कर शीध्र गिरफ्तार करने, कठोरतम समाज दिलवाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी अवगत कराया गया कि इन घटनाओं से सम्पूर्ण हिन्दु समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस प्रकार की घटनाओं को समाज किसी भी स्तर बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन देते समय प्रहलाद शर्मा, त्रिलोकचन्द क्याल, सत्यनारासण डूंगरीवाले, मथुरालाल गुर्जर, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, प्रकाशचन्द पाटनी, रमाकान्त पाठक, सहित सैकड़ो स्कूली बालिकाऐं,सकल हिन्दु समाज के पुरूष व महिलाऐं मौजुद रही।

वहीं आक्रोश रैली को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई। जिसमें शहर के मुख्य मुख्य स्थानो पर विशेष पुलिस के जवान तैनात किए गए। रैली में सबसे आगे थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा पुलिस व सुरक्षा जाप्ते के साथ चले।



# विधायक वर्मा ने परिवार सहित श्री बद्री विशाल मन्दिर में टेका माथा

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा के शिवाड़ में आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान गाँव नटवाड़ा में विधायक वर्मा ने परिवार सहित श्री बद्री विशाल भगवान के मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचने का शपथ ली। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को सामाजिक धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। धार्मिक कार्यों में भाग लेने से मन को अलग से शांति सुख प्रदान होता है। उन्होने कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है। हम सभी को संगठित होकर अपने बूथ की मजबूती के लिए प्रयास करना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार ने गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं लागू की हैं। शिवाड़ जाते समय बरौनी, पराना, नटवाडा, कंवरपुरा में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा विधायक वर्मा ढोल नगाड़ो के साथ माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय, पूर्व सरपंच कैलाश विजय,तेजभँवर सिंह राठौड़, रामजी लाल बोकण, शंकर मोठिया, सॉवरा जोशी, श्याम जोशी, मुकेश कीर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान पहुंची

## ममता शर्मा ने यहां पंडित मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट कर ज्योतिष परामर्श भी लिया



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** गुरुवार को यहां कांग्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान पहुंची जिन्होंने संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से पहले तो शिष्टाचार भेंट की उसके बाद अपने उज्जवल भविष्य के लिए पंडित मुकेश गौतम से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ ही ममता शर्मा ने यहां ज्योतिष परामर्श भी लिया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा बुधवार को देवली शहर मे एक शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने आई हुई थी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता ममता शर्मा ने स्थानीय कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की तो वहीं गुरुवार को कांग्रेसी नेता ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान केंद्र पहुंची जहां पंडित मुकेश गौतम से उनकी शिष्टाचार भेंट हुई इसके बाद वह जयपुर के लिए रवाना हो गई।

# डिग्गी के बाजारो में सड़को पर सामान फैला कर अतिक्रमण करने वालो को दी नसीहत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र की नवगठित डिग्गी नगरपालिका के ईओ का कार्यभार संभालने के तुरन्त बाद बाजारो में दुकानो के आगे सामान फैलाकर अतिक्रमण करने वालो को हियादत व नसीहत दी। गुरूवार को नायब तहसीलदार व डिग्गी नगरपालिका के ईओ हंसराज जाट ने डिग्गी थाना प्रभारी सत्यनारायण चौधरी मय सुरक्षा जाप्ता व पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता बसराम मीणा को साथ लेकर डिग्गी के रोडवेज बस स्टेण्ड से पैदल चलकर श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर तक पहुंचे। बीच रास्ते में मुख्य सड़क पर सामान आदि डालकर आम रास्ते को अवरूद्ध करने वाले व सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारो को अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान ईओ जंसराज जाट ने सभी दुकानदारो को अपनी दुकान का कचरा दुकाने के आगे रखे कचरा पात्र में ही डाल कर एकत्रित करने, मुख्य सड़को पर सामान आदि फैलाकर अतिक्रमण नहीं करने के लिए निर्देशित व सम्पूर्ण डिग्गी नगरपालिका को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग का आव्हान किया। साथ ही चेतावनी दी कि आगे यदि अतिक्रमण अथवा कचरा या गंदगी मिलती है तो सम्बन्धित दुकानदार के विरूद्ध सख्त व कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना से दुर्लभ बीमारियों से पीड़ितों का हो रहा उपचार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति समेत आमजन के हितों की ध्यान में रखकर उनको प्रत्येक क्षेत्र से जुडी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की शुरूआत की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक करतार सिंह मीणा ने बताया कि इस योजना का उदेश्य राज्य के दुर्लभ बीमारियों से पीडित बालक-बालिकाओं को समुचित सुविधा को पूर्ति करना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधानों को सुनिश्चित कर ऐसे बालक-बालिका जो दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित है उनके परिवारों को समय पर पात्रतानुसार निरन्तर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर संबल प्रदान किया जाता है। योजना अंतर्गत पात्र बालक-बालिकाओं को 50 लाख तक का निशुल्क इलाज प्रदान किया जाता है। साथ ही, 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान भी किया जाता है।

# शिव भक्तों की चार पहर की पूजा, रात भर ओम नमः शिवाय से गूंजते रहे शिवालय



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार की रात को शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की चारों पहर की पूजा की। श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर के उपाध्यक्ष हनुमान श्रीमाल ने बताया कि शिवालय में आचार्य पंडित अरविंद शास्त्री के सानिध्य में चार पहर की पूजा संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि शिव भक्तों ने दो समूह में अलग-अलग बैठकर विधि विधान से मंत्र विचार के साथ भगवान भोलेनाथ एवं शिव पंचायत की पूजा की। इस दौरान पंडित अरविंद शास्त्री ने लगातार मंत्रोच्चार किया। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, घृत, शर्करा, गन्ना रस, पंचामृत, विजया सुगंधित द्रव्य व जल से अभिषेक किया। पहली पूजा की शुरुआत रात 9 बजे हुई जिसमें प्रथम पूज्य गणेश, भगवान विष्णु, महालक्ष्मी, षोडश मातृका सहित सभी नवग्रह का आह्वान किया गया। उसके बाद भगवान शिव सहित शिव पंचायत का विधि विधान से पूजा कर अभिषेक किया गया। दूसरे व तीसरे पहर की लगातार पूजा हुई। मध्य रात्रि बाद 3.15 बजे से चतुर्थ पहर की पूजा शुरू हुई जो 4.30 बजे तक चली। इसके बाद सभी शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ व शिव पंचायत की सामूहिक आरती की। आरती के पश्चात आचार्य पंडित अरविंद शास्त्री ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। शिव भक्तों ने आचार्यश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें द्रव्य दक्षिणा प्रदान की।

पूजा के दौरान शिव भक्त ओम नमः शिवाय के जाप करते रहे। इस दौरान शिव भक्त दीपक गुप्ता, कालूराम माली, लालचंद सैनी, श्रीराम शर्मा, ताराचंद गोयल, गोविंद शर्मा, वल्लभ डांगरथल, सुरेन्द्र दाधीच, विमलकुमार जैन व अनिल शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## जिला प्रशासन की रीट परीक्षार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था

# रैन बसेरो में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर नगर परिषद परिसर में कराया रात्रि विश्राम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देश पर जिले में 27 एवं 28 फरवरी को अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए है। प्रशासन द्वारा बाहरी जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर रीट परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे में ठहरने की व्यवस्था की गई है। साथ ही श्री अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से गुणवत्तायुक्त भोजन के पैकेट भी अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाए गए है। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि रात्रि में रैन बसेरे में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक बढ़ने पर नगर परिषद परिसर में परीक्षार्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई।

**आयुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा :** जिले में परीक्षा देने के लिए ट्रेन एवं बसों से आए अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नगर परिषद आयुक्त ने कर्मचारियों के साथ देर रात तक फील्ड पर रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर रीट परीक्षार्थियों के लिए आगे भी व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी।

किसी भी परीक्षार्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए नगर परिषद की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है।

# अवैध बजरी परिवहन करते हुए 2 टीपर डम्पर व एक ट्रक को जब्त, दो के चालक गिरफ्तार, एक फरार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए 2 टीपर डम्पर व एक ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी भरकर ले जा रहे तीन वाहनों को रोका और उनके चालकों से बजरी के बारे में पूछा। चालकों द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर दोनों टिपर डम्परों एवं एक ट्रक को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने धनराज पुत्र जगदीश प्रजापत निवासी धुंवा खुर्द थाना घाड़ जिला टोंक व लोकेश पुत्र सूरजलाल योगी निवासी कारोला थाना बरोनी को गिरफ्तार कर लिया। एक ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मय बजरी के तीनों वाहनों को जब्त कर लिया।

# चुनाव संबंधी गलत एवं भ्रामक सूचनाओं पर निगरानी के लिए जिला स्तरीय समितियां होगी अधिक सक्रिय

## मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान निर्वाचन विभाग एवं भारत निर्वाचन आयोग की गतिविधियों तथा क्रियाकलापों सहित लोकसभा और राज्य विधानसभा से सम्बंधित चुनावी प्रक्रिया के बारे में जन संचार माध्यमों में भ्रामक अथवा गलत खबरों, सूचनाओं (फेक न्यूज) के प्रसारण को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्वाचन विभाग में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित चुनाव संबंधी सूचनाओं की मॉनिटरिंग एवं कार्यवाही के लिए राज्य स्तर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एक चार-सदस्यीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति गठित की है। यह समिति मीडिया में प्रकाशित भ्रामक जानकारी एवं गलत तथ्यों वाले समाचारों के बारे में जिला स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए समन्वय का कार्य करेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिलों में विभिन्न मीडिया माध्यमों यथा समाचार-पत्र पत्रिकाओं, समाचार चैनल और सोशल मीडिया की नियमित रूप से प्रभावी निगरानी की जाए। इसके लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन समिति (डीएमसीएमसी) सक्रिय रहकर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों पर निर्वाचन आयोग और चुनावी प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रकाशित अथवा प्रसारित संवेदनशील खबर और सूचना विशेष पर नजर रखे। किसी भ्रामक, गलत अथवा संदेहास्पद सूचना के प्रकाशन पर त्वरित संज्ञान लेकर सम्बंधित विभाग अथवा शाखा से उसका तथ्यात्मक विवरण प्राप्त कर सही जानकारी एवं तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएं।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति (डीएमसीएमसी) कार्यरत है। इस समिति में सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिले में कार्यरत केन्द्र सरकार के सूचना सेवा के अधिकारी, स्थानीय स्वतंत्र पत्रकार और सोशल मीडिया विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल हैं। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय के प्रभारी अधिकारी इस समिति का सदस्य सचिव है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस समिति को अधिक सजग और सक्रिय रहकर मीडिया में प्रसारित चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी सूचनाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि जिला समिति स्थानीय स्तर पर प्रकाशित अथवा प्रसारित हुई फेक न्यूज तथा उसके विषय में की गई कार्यवाही के बारे में विभाग को तत्काल अवगत करवाएगी।

# महिला प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग का दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान सवाई माधोपुर द्वारा ग्राम-हरिपुरा मेडी, तहसील-वजीरपुर (गंगापुर सिटी) की राजीविका से जुड़ी 30 महिला प्रशिक्षणार्थियों को 10 दिवसीय निशुल्क डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग का प्रशिक्षण दिया। जिसका समापन 25 फरवरी 2025 को हुआ।

प्रशिक्षण में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत छोटी-छोटी बचत, सिबिल स्कोर की महत्ता, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, साइबर फ्रॉड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति तथा जीवन सुरक्षा बीमा आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। समापन के दौरान सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को इंडस्ट्री विजिट के लिए मैनपुरा स्थित शबरी डेयरी फार्म का भ्रमण कराया गया। शबरी डेयरी फार्म पर महिलाओं को डेयरी फार्मिंग, बकरी पालन, ऑर्गेनिक फॉर्मिंग तथा व वर्मी कंपोस्ट, वर्मी कीटनाशक बनाने की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वरोजगार एवं सशक्त उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शबरी डेयरी फार्म की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया तथा नव स्थापित गोबर गैस प्लांट की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ौदा आर.सेटी. सवाई माधोपुर संस्थान के निदेशक नीरज गोपालिया, फैकल्टी राजेंद्र कुमार, लोकेश जांगिड़ एवं अन्य स्टाफ मनराज, निरमा चौधरी, कपिल आदि उपस्थित रहे।

# देवल ग्राम के ग्रामीणो ने सौंपा ज़ापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के देवल ग्राम के ग्रामीणो ने उपखण्ड अधिकारी मालपुरा के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार पवन मातवा को सौंपी। गुरूवार को सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रशेखर सिंह, यासीन, रघुवीर सिंह, गौरव सिंह, कन्हैयालाल सैन सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीणो की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत से क्रमोन्नत कर लाम्बाहरिसिंह को नगरपालिका बनाया गया। साथ ही नवगठित नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह का सीमा विस्तार किया गया। इस सीमा विस्तार में ग्राम पंचायत देवल के कुछ क्षैत्र को नगरपालिका लाम्बारिसिंह में शामिल किया गया। देवल ग्राम पंचायत कुछ क्षैत्र को नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह में शामिल किया जाना नियम विरूद्ध है। वास्तविकता यह है कि नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह में शामिल किए गए देवल पंचायत के गांव 8 से 9 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है। जबकि सीमा विस्तार में केवल 6 किलोमीटर दूरी के क्षैत्र को ही शामिल किया जा सकता था। देवल ग्राम पंचायत क्षैत्र के कुछ गांवों को नियम विरूद्ध नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह में शामिल कर लिए जाने से सम्पूर्ण ग्राम पंचायत देवल के ग्रामीणो में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि ग्राम पंचायत देवल को यथावत नहीं रखे जाने व ज्ञापन पर नियमानुसार कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणो को मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करने तथा मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ेगा।

# जिला कलेक्टर एवं एडीएम ने किया रीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

- रीट परीक्षा में अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक एवं फेस रेकग्निशन के माध्यम से किये जा रहे सत्यापन प्रणाली का लिया जायजा
- एडीएम कार्यालय में बनाये कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से लगातार रखी जा रही है नजर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एडीएम व परीक्षा नोडल अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने गुरुवार को आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिये जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली एवं चिकित्सा सहायता जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया एवं पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने को कहा।

**बायोमैट्रिक तथा फेस रेकग्निशन प्रणाली का लिया जायजा :** जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के परीक्षा में सम्मिलित हो सकें एवं अपने भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में स्थापित परीक्षा केंद्र एवं एडीएम ने महर्षी संदीपनी टी टी कॉलेज जगदीशपुरा, ताज मेमोरियल टी टी कॉलेज जगदीशपूरा, संत जोगेंद्र कॉलेज फतेहपुरा कलां कोटपूतली का निरीक्षण कर बायोमैट्रिक एवं फेस रिकॉग्निशन प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की पहचान सत्यापित करने एवं फर्जी अभ्यर्थियों की पहचान करने हेतु हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं बायोमैट्रिक तथा फेस रेकग्निशन व अन्य आधुनिकतम उन्नत तकनीकों का उपयोग निर्देशानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जायें।



### क्राउड मैनेजमेंट के दिये विशेष निर्देश

जिला कलेक्टर ने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई है। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिये कड़ी चौकसी बरती जा रही है। उन्होंने पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये। पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों को भीड़ भाड़ की सम्भावना वाले स्थानों का चिन्हीकरण कर समय रहते क्राउड मैनेजमेंट करने के निर्देश दिये।

### शुक्रवार को भी होगा परीक्षा का आयोजन

एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि रीट परीक्षा आयोजन के द्वितीय दिवस पर शुक्रवार 28 फरवरी को जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर 13 हजार 500 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## श्री कुमावत समाज का 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 मार्च को आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ ब्यावर।** श्री कुमावत पंचायत सभा के तत्वावधान में श्री कुमावत सामूहिक विवाह समिति द्वारा 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 1 मार्च (फुलेरा दोज) को आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन कमल ईंट उद्योग, सेन्दड़ा रोड पर संपन्न होगा, जिसमें 15 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे। श्री कुमावत पंचायत सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर जलांधरा ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन की सुचारू व्यवस्था हेतु विभिन्न समितियाँ गठित की गई हैं, जिनमें संयोजकों सहित कई सदस्य जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, ताकि यह सामाजिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। सभा के महामंत्री रवि बेडवाल ने जानकारी दी कि इस वर्ष राजस्थान सहित मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद आदि विभिन्न शहरों से समाज के परिवार इस आयोजन में भाग लेंगे। सभी जोड़ों को आवश्यक वस्त्र, घरेलू सामान एवं अन्य जरूरी उपहार उपलब्ध कराए जाएंगे। समाज के विभिन्न परिवारों एवं समाजसेवियों द्वारा दिए गए उपहार भी नवविवाहितों को भेंट किए जाएंगे। समिति के मीडिया प्रभारी अविनाश कुमावत ने बताया कि आयोजन की सफलता में युवा मंडल, महिला मंडल एवं समस्त समाजजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे समाज का गौरव पूरे भारत में बढ़ रहा है।

## शरण्या को ज्योति विद्या पीठ से मिली पीएचडी की उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** स्थानीय रैगर बस्ती काचरोदा निवासी शरण्या को ज्योति विद्या पीठ महिला विश्वविद्यालय की और से पीएचडी प्रदान की गई हैं। शरण्या को यह उपाधि ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के 15 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता बोमन ईरानी के करकमलों द्वारा प्रदान की गई। शरण्या के. के शोध का विषय बेहतर चिकित्सीय क्षमता के लिए गेहूँ के ज्वारे और भारतीय पारंपरिक मसाला अर्क के सहक्रियात्मक प्रभाव पर अध्ययन रहा था।

## सात दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन मोहनपुरा, राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली व जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) जयपुर के आर्थिक सहयोग से ग्राम नारेहड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का गुरूवार को समापन किया गया। इस मौके पर एएसपी वैभव शर्मा, मंजरी महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति दुराफे, मनीषा चौधरी, सीएसआर डिप्टी मैनेजर राजेन्द्र कुशवाहा, सुरक्षा अधिकारी सौरभ पचेरा, फायर एण्ड सेफ्टी अधिकारी राजेश अचेरा द्वारा मरीजों को फलों का वितरण किया गया। शिविर में 587 पुरुष व 496 महिलाओं समेत कुल 1083 मरीजों की आंखों की जांच कर दवाईयां वितरित की गई। जिनमें से 332 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया एवं 288 मरीजों का मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन किया गया। शिविर में मरीजों के रहने व खाने की उत्तम व्यवस्था की गई। साथ ही मरीजों को गांव से लाने व ऑपरेशन के पश्चात् पुन: गांव में वापस उनके घर छोड़ा गया। शिविर में कोटा के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता की टीम से गिरिराज गोचर, सीताराम पंकज, अनिकेत वर्मा, हर्षाली श्रीवास्तव, खुशी मीणा, प्रियंका प्रजापत, नेहा प्रजापति आदि की सेवायें ली गई। शिविर के फॉलोअप कैम्प का आयोजन आगामी 05 अप्रैल शनिवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारेहड़ा में किया जायेगा। जिसमें एक बार पुन: ऑपरेशन किये गये मरीजों की आंखो की जांच की जायेगी।

## सांभर लेक न्याय क्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर मीटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर जयपुर जिला के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश,क्र.स.1) सांभर लेक अरविन्द कुमार जांगिड़ के अवकाशागार में 8 मार्च को आयोजित होने वाली इस साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर जिला एवं सांभर लेक न्याय क्षेत्र के बैंक / वितिय संस्थान, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पी.एच.ई.डी., जे.वी.वी.एन.एल. आदि विभाग के अधिकारी/ प्रतिनिधि/ अधिवक्ता उपस्थित आये। मीटिंग में राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजीनामें के माध्यम से न्यायालय में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण हेतु पूर्ण प्रयास कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।उक्त मिटिंग में सार्वजनिक निर्माण विभाग से मुकेश कुमार रणवा, बैंक आफ इण्डिया से राजू राम जाट, यूको बैंक से हितेश, एरीसल मीणा, भारतीय स्टेट बैंक से सुनील यादव, कनिष्ठ अभियंता सुरेश विश्नोई, बैंक आफ इण्डिया से जितेंद्र तंवर, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया से अभिषेक गुप्ता, विधुत विभाग से फूलचन्द, जी.एल. जाट, पीएच ईडी से मुलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष जांगिड़ द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना प्रकरणों के राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारान में समझोता वार्ता से निस्तारण करने हेतु विभिन्न वित्तीय संस्थाओं/ कंपनियों व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि के साथ जरिए विडियों कांफ्रेंसिंग मीटिंग आयोजित की गई ।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग द्वारा कफ जनित बीमारियों से बचाव हेतु वमन कर्म शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा स्वास्थ्य रक्षणार्थ वासन्तिक वमन कर्म शिविर का शुभारंभ किया गया। आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और कफ दोष से जनित बीमारियों से बचाव के लिए निशुल्क शिविर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग द्वारा 28 फरवरी से 27 मार्च तक लगाया जाएगा। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। उन्होंने बताया आयुर्वेद के माध्यम से आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मौसम परिवर्तन से जनित रोगों की रोकथाम और उससे बचाव के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा समय-समय पर कई कार्यक्रमों ओर गतिविधियों को निशुल्क जाता है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग द्वारा बेहतर स्वास्थ्य के लिये ऋतु शोधन कार्यक्रम के अन्तर्गत समय-समय पर वमन, विरचन, रक्तमोक्षण के साथ अन्य शिविरों का सफल आयोजन किया जाता है। आम जन को बेहतर स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा लगाए जाने वाले इन शिविरों का लाभ जरूर लेना चाहिए जिससे कि वह मौसम की अनुकूलता के अनुसार उनसे जनहित बीमारियों से अपना बचाव कर सके और स्वस्थ रहे। पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार वसन्त ऋतु में कफ दोष बढ़ता है। जिसके कारण हमारे शरीर में कफ से जुड़े कई रोग होते हैं, कफ को शरीर से बाहर निकालने के लिये वमन चिकित्सा की जाती है। वमन से विभिन्न रोगों जैसे अस्थमा, कास, अरूचि, अम्लपित्त, मोटापा, बन्ध्यत्व, सोरायसिस, माहवारी सम्बन्धित विकारो में लाभ होता है। एक माह तक लगने वाले इस निशुल्क शिविर का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग में 28 फरवरी से 27 मार्च के मध्य किया जा रहा है। शिविर में वमन क्रिया करवाने वाले व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया जाएगा एवं वमन कर्म के दौरान उपयोग में लेने वाली औषधियां भी निशुल्क दी जाएगी।

कार्यक्रम में प्रो. छाजू राम यादव, डॉ. सर्वेश कुमार सिह, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, डॉ. विपिन तंवर, डॉ. वैभव बापट, डॉ. अनुश्री डी एवं विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# समाज सुधार के लिए महावतान बिरादरी का बड़ा कदम

## गैर-इस्लामी रिवाजों को खत्म करने और इस्लामी सादगी अपनाने पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** महावतान बिरादरी के पंच-सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शादियों में गैर-इस्लामी रिवाजों को समाप्त करने और इस्लामी सादगी को अपनाने पर जोर दिया गया। यह बैठक गरीब नवाज फाउंडेशन के सहयोग से घाटगेट स्थित चांद छबील, सुब्हान उस्मान मस्जिद के पास संपन्न हुई। निकाह एक पवित्र बंधन है और इसे सरल एवं इस्लामी तरीके से संपन्न करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा समय में फिजूलखर्ची और गैर-इस्लामी रस्मों के कारण निकाह एक बोझ बनता जा रहा है, जिसे रोकने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। इस दौरान प्रमुख धर्मगुरुओं और समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों ने इस्लामी परंपराओं को अपनाने और फिजूलखर्ची से बचने की अपील की। सम्मेलन में चीफ काजी खालिद उस्मानी, शरई काजी मुफ्ती गुफरान रज़ा मिस्बाही, काजी बिरादरान-ए-महावतान हाफिज आफताब अहमद, हाफिज रियाज अहमद, हाफिज इरफान और कारी अब्दुल मुगनी मौजूद रहे। उन्होंने इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुरूप विवाह संपन्न कराने की अहमियत पर जोर दिया। इस बैठक में बिरादरी के पंच और पटेलों ने यह स्पष्ट किया कि जो लोग इन नए नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे। सरपंच मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद यूनुस, नायब सरपंच मोहम्मद नौशाद और अब्दुल वहीद ने कहा कि यह बदलाव समाज के हित में है और सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 23 हाफिजों, एक आलिम, चार आलिमा, दस डॉक्टर, दो इंजीनियर और एक लेक्चरर को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्देश्य बिरादरी में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित हों। बैठक में पार्षद हाजी उम्रदराज, पार्षद असमा खान, अशफाक अहमद, अब्दुल अजीज हाथी वाले एवं एडवोकेट गुलाम मुस्तफा सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने एकमत होकर इस फैसले का समर्थन किया और इसे समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक के अंत में बिरादरी के सभी सदस्यों ने गैर-इस्लामी रस्मों को समाप्त करने और इस्लामी सादगी को अपनाने की शपथ ली। साथ ही, शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया, ताकि आने वाली पीढ़ी एक बेहतर और शिक्षित समाज में जीवन व्यतीत कर सके।

### शेखावाटी विवि और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि के बीच हुआ एमओयू

## शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : कुलपति प्रो. राय

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू), जयपुर के बीच शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान को लेकर एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग) हुआ। शेखावाटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस समझौते के तहत शेखावाटी विश्वविद्यालय और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि, शिक्ष, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करेंगे। प्रो. राय ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। एमओयू से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। एमओयू पर शेखावाटी विवि की रजिस्ट्रार श्वेता यादव और हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भंवरलाल मेहरणा ने हस्ताक्षर किए । उन्होंने बताया कि यह समझौता हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश ?वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधी राजीव की सहमति और सुझावों से तीन वर्ष के लिए किया गया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे और सामाजिक विकास के लिए संयुक्त पहल करेंगे। इसका लाभ दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मिलेगा। कुलपति प्रो. राय ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक कार्यकमों, पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के विकास को लेकर अपने विशेषज्ञों और उपलब्ध संसाधनों का भी पारस्परिक रूप में उपयोग कर सकेंगे। साथ ही दोनों संस्थान अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन रिसर्च इंटर्नशिप को प्रोत्साहित करने का भी काम करेंगे। फैकल्टी के साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज, संयुक्त सेमिनार और वर्कशॉप, अल्पकालीन शैक्षणिक कार्यक्रम, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे मुख्य आयामों को भी इस एमओयू में शामिल किया गया है। उच्च शिक्षा और नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में नए अवसरों और सहयोग के लिए रणनीतियों को शामिल किया गया। शेखावाटी विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार (एकेडेमिक) डॉ. रवींद्र कुमार कटेवा, असिटेंट रजिस्ट्रार (परीक्षा) डॉ संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु, डिप्टी डायरेक्टर आईटी पंकज मील और मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता समेत सभी कर्मचारियों ने इस एमओयू पर खुशी व्यक्त की है।

# स्वच्छ पर्यावरण एवं आने वाले भविष्य के लिए आज ही करें अधिकाधिक वृक्षारोपण : जिला कलक्टर

## सोतानाला इंडस्ट्रीज एरिया की 6 बीघा जमीन पर ग्रीन एरिया डेवलपमेंट की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** सोतानाला इंडस्ट्रीज एरिया की 6 बीघा जमीन पर ग्रीन एरिया डेवलपमेंट की शुरुआत गुरुवार को की गई। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया।जिला कलक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण कर उनकी देखरेख भी करें। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज एरिया हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह पेड़ अवश्य लगाने चाहिए, यही आने वाले समय में प्रदूषण को कम करेंगे, भविष्य में बच्चों को शुद्ध वायु दे पाएंगे।श्रीजी लैबोरेट्री मैनकाइंड फार्मा इकाई के द्वारा 6 बीघा जमीन को गोद लिया गया है। जिसमें करीब 9 हजार पौधे लगाए जाएंगे और उनकी देखरेख की जाएगी।यूनिट हेड एनएस राव ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संतुलित बनाए रखना और प्रदूषण रहित क्षेत्र विकसित करना है जिसके लिए वे 6 बीघा जमीन पर घना जंगल विकसित कर रहे हैं। राव ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप एक पेड़ काट रहे हैं, तो उसके बदले में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाएं।जिला पुलिस अधीक्षक ने भी पौधारोपण को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी देखरेख करने का पर जोर दिया।

यूनिट के चीफ साइंटिफिक ऑफिसर एवं डायरेक्टर डॉ. अनिल त्यागी ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। डायरेक्टर सतीश शर्मा ने कहा कि यह केवल वृक्षारोपण नहीं है बल्कि आज हम हरित पर्यावरण के लिए बीज बो रहे हैं। इस दौरान अतिथियों को प्लांट भेंट कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम के दौरान जीएसटी डिप्टी कमिश्नर ज्योति स्वरूप शर्मा, रीको नीमराना रीजनल मैनेजर राकेश कुमार सिंह, आरएसपीसीबी रीजनल ऑफिस राजकुमार सहरा, सोतानाला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, सदर थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार सहित उधमी मौजूद रहे।

## ईछावतान प्रीमियर लीग सीजन-6 का समापन समारोह हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** ईछावतान प्रीमियर लीग के छठे सीजन का समापन समारोह वार्ड 30 में पार्षद जमिला बेगम और पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान के कार्यालय में संपन्न हुआ। इस आयोजन में वार्ड 26, 29 और 30 के सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। प्रमुख अतिथियों में हाजी वहीद साहब, हाजी हाफ़ीज़ अब्बा, शहज़ाद (थानेदार साहब), पप्पू भाई, लतीफ भाई, आबिद भाई, पठान साहब, मोहसिन खान, मुखर्रम खान और कलीम खान उपस्थित रहे। समारोह में लीग के ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद शाकिर खान ने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। खेल प्रेमी सलमान रंगरेज़ ने भी खिलाड़ियों और आयोजकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्ड 30 की पार्षद जमिला बेगम और पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने इस प्रतिष्ठित लीग को बीते पांच वर्षों से शानदार तरीके से संचालित करने में आयोजक इरफान अली का योगदान सराहा। उनके प्रयासों से वार्ड 30 को एक स्पोर्ट्स लविंग वार्ड के रूप में पहचान मिली है, जिससे यहां के युवा खेलों के प्रति प्रेरित हो रहे हैं और मोहम्मद शाकिर खान के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को कलक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित मुख्य मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर भी उपस्थित रहे। बैठक में कलक्टर डॉ गोस्वामी ने निर्देश दिए कि एनएच एवं स्टेट हाईवे के दुर्घटना संभावित स्थानों पर आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाएं। अवैध कट बंद किए जाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि वाहन चालक रोंग साइड से शॉर्टकट रास्ते नहीं निकालें। आवश्यकतानुसार रम्बल स्टिक्स लगाए जाकर व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही, ऐसे प्रमुख स्थानों पर चेकपोस्ट की व्यवस्था भी की जाए। दरा रोड़ पर जाम की समस्या के चलते चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेचट, मोड़क व आस-पास के क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार सुविधा दिलाने के लिए कोटा के बजाय झालावाड़ ले जाया जाए ताकि जोखिम की स्थिति नहीं बनें। अत्यावश्यक हो तो कोटा लाए जाने हेतु संबंधित पुलिस थानाधिकारी से समन्वय किया जाए। जिला कलक्टर ने मिशन जीवन के तहत विद्यालयों के वेन, ऑटो आदि वाहनों, बाल वाहिनियों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को नहीं बैठाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए समझाइश जारी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर वैधानिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस एवं केडीए को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार संकेतक एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पार्किंग में ही वाहनों का खड़ा होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पूर्व बैठक में लिए हुए निर्णयों की पालना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लम्बित मामलों में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन, पीडब्ल्यूडी, केडीए, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन सोशल ग्रुप बूंदी के द्वारा मनाया फागोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जैन सोशल ग्रुप बूंदी के द्वारा फागोत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को सभी जैन सोशल ग्रुप की महिलाओं ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली एवम् गुलाल का रंग लगाया। कार्यक्रम की प्रभारी शिब्बू सोगानी एवं तृप्ति गंगवाल ने बताया सबसे पहले भगवान महावीर के दीप प्रचलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी आने वाली सदस्यों का स्वागत तिलक एवं माला पहना कर सम्मान किया। गया। जैन सोशल ग्रुप की सचिव संगीता छाबड़ा ने बताया कार्यक्रम का संचालन एकता पापड़ीवाल ने किया। एवम् पूजा छाबड़ा एवं प्रियंका गोधा के द्वारा फाग उत्सव पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी सदस्यों ने शपथ ली कि आने वाले दिनों में समाज के सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग, सामाजिक एवं स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन में ग्रुप की अध्यक्ष एकता कासलीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष निधि गंगवाल, कोषाध्यक्ष नीतू कासलीवाल दीपा कासलीवाल, एकता , दीक्षिता कासलीवाल, सरोज लुहाड़िया, भावना , शिल्पा जैन, नीलम पांड्या, शालु कटारिया, सुनीता , अनिता , अंजना नोसंदा, अनिता शाह, राखी अजमेरा ,पूजा जैन, मिली रावका, टीना छाबड़ा आदि उपस्थित रही।

## चौकी प्रभारी नवलराम जाट का लोगों द्वारा सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** तहसील के बिनोता पुलिस चौकी पर अपनी सराहनीय सेवाएं देने के बाद चौकी प्रभारी नवलराम जाट का ट्रांसफर हो जाने से चौकी प्रभारी का स्थानीय लोगों द्वारा सम्मान किया जिसमे प्रहलाद प्रजापत, परसराम कुमावत, गोविन्द कुमावत, आशीष कुमावत, हार्दिक जैन, दशरथ सेन, बंशीलाल सेन, नक्षत्रमल सेन, राहुल कुमावत, बिनोता के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगल तिलक कर मेवाड़ी परम्परा अनुसार साफा बंधवाकर, मुँह मीठा कराकर विदाई दी गई, साथ में पधारें हृद्व साहब श्री भूपेंद्र सिंह जी पंवार का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया।

## 2 मार्च को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान

चौमहला( आबिद हुसैन)। आर डी गार्डी मेडिकल कालेज उज्जैन के सहयोग से चौमहला में 2 मार्च को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा ,जिसमे कई विषेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का उपचार कर सलाह देगे। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ वी के महाडिक ने बताया कि शिविर जैन अथिति गृह पर 2 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें मेडिसिन,हड्डी रोग,मानसिक रोग,नेत्र रोग,नाक कान गला,शिशु रोग, चर्म रोग,गुप्त रोग, शय छाती रोग,हृदय रोग,शल्य रोग,स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जांच कर उपचार किया जाएगा,शिविर में खून पेशाब, ईसीजी की जांचे नि:शुल्क की जाएगी, शिविर में मरीजों को दवाईयां नि:शुल्क दी जाएगी,गंभीर रोगियों की जांच कर उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कर निशुल्क उपचार किया जाएगा साथ ही ऑपरेशन योग्य मरीजों के ऑपरेशन नि:शुल्क होगे। शिविर में आने वाले मरीज अपना आधार कार्ड साथ लावे।

## खनन माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से कुचल कर रेंजर किशोर कुमार को मारने के मामले में वन कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच) ।** बूंदी के वन विभाग के कर्मियों ने राजसमंद में 24 फरवरी को अवैध खनन रोकने के दौरान खनन माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से कुचल कर रेंजर किशोर कुमार को मार दिया गया, इसी संबंध में बूंदी में आज राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ द्वारा प्रदर्शन किया गया । समस्त वन कर्मचारी नारे लगाते हुए जिला कलेक्टर पहचे जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कहा कि मृतक के परिजनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता, के साथ ऑफिसर को शहीद का दर्जा के साथ अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, हम वन विभाग के कर्मचारी पर्यावरण को बचाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इस तरह की घटनाओ पर अंकुश लगे अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# सांसद अग्रवाल ने की जन सुनवाई, फोन कर अधिकारियों से की मौके पर बात

### भीलवाड़ा से नैनवां रोडवेज बस सेवा शुरु होने की जगी उम्मीद




बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह ) ।** भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र के क्षेत्रीय सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज नैनवां की तरफ जाते समय जजावर- सीसोला के मध्य हाईवे पर स्तिथ बालाजी फीलिंग स्टेशन के पास जनसुनवाई कर मौके पर ही अधिकारीयो से बात कर प्राप्त जन समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए । जानकारी के अनुसार सांसद अग्रवाल किसी निजी कार्यक्रम में शरीक होने के लिए उनियारा साइड जा रहे थे इस दौरान वो बालाजी फीलिंग स्टेशन( मिड वे ) पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष हेमराज नागर के आग्रह पर करीब एक घंटा रुके एवं वहां मौजूद कार्यकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों से बातचीत की साथ ही समस्याओ की जानकारी लेकर मौके पर ही अधिकारीयों से बात करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए । इस दौरान सांसद के समक्ष जो समस्याएं उभर कर आई उनमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर ने एनएच 148 डी को फोर लेन मे प्रमोट करने एवं भीलवाड़ा से नैनवां के बीच रोडवेज की बस सेवा शुरु करने के लिए मांगपत्र दिया वहीं भाजपा के नैनवां देहात मंडल के अध्यक्ष राधाकिशन सैनी ने जजावर- खोडी सड़क के चल रहे डामरीकरण कार्य मे वन विभाग द्वारा लगाए जा रहे अडगें को दूर करवाने, नैनवां से दुगारी सड़क मार्ग पर मानपुरा के पास वन विभाग की आपति की वजह मिसिंग हो रही सड़क का कार्य शुरु करवाने एवं भीलवाड़ा नैनवां बस सेवा शुरु करवाने की मांग की जिस पर सांसद अग्रवाल ने निगम के आला अधिकारी से बात कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इससे पूर्व सांसद का पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र नागर, जिपस शक्तिसिंह आसावत, नैनवां पालिकाध्यक्ष सरिता नागर, जिला भाजयुमो के कोषाध्यक्ष महेंद्र नागर सहित कई लोगों ने भावभीना स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख लोगो मे नरोत्तम शर्मा, शोजीलाल नागर, राकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक राजस्थान शाखा की 186 वीं बैठक

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( रसंजय जैन )।** इंटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली की अध्यक्षता में 2 मार्च 25 रविवार को प्रात: 10.15 बजे गांधी मजदूरमैदान भीलवाड़ा में होगी रावतभाटा ठेका कर्मचारी इंटक अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी सिंह ने बताया कि इंटक संगठन की बैठक में स्थानीय मांगे जिसमें रावतभाटा में ठेका कर्मचारियों का ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे शोषण को रोकने की मांग के साथ राज्य सरकार द्वारा रावतभाटा में ईएसआई हॉस्पिटल खोलने की मांग पर पिछली राज्य सरकार के कर्मचारी राज्य बीमा निगम बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन कर केंद्र सरकार की स्वीकृति लिए केंद्र को भेजे प्रस्ताव को केंद्र से स्वीकृत कराने की मांग के साथ प्रदेश की अन्य 13 सूत्री एजेंडा बिंदु जिसमें बजट में कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा पर सरकार का ध्यान आकर्षण कर बाकी विभागों की मांगों पर ध्यान आकर्षण करने के लिए 6 मार्च को विधानसभा पर प्रदर्शन करना राज्य में विभिन्न कारखाने उद्योगों के श्रम संघ के प्रतिनिधियों की मांगों पर चर्चा राज्य में संगठित क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मांगों पर चर्चा राज्य में इंटक की सदस्यता बढ़ाना व नये श्रम संगठनो का निर्माण करना आदि मांगों के साथ अगली कार्य समिति एवं महा अधिवेशन के आमंत्रण पर विचार कर अन्य यूनियन प्रतिनिधियो के विषय पर सभापति की अनुमति से विचार विमर्श करना बैठक में रावतभाटा से इंटक प्रदेश जनरल सेक्रेटरी नरोत्तम जोशी प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी सिंह आर आर साईट इंटक के अध्यक्ष मनोज ठागुर कार्यकारी अध्यक्ष एस एस नागर महामंत्री आर भाटी रमेश गौतम ठेका इंटक के संजय हाडा सलीम शेख दिनेश नायक पवन जैन व सुनील मंगरोलिया बैठक में भाग लेंगे।

## श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष बने : अमर सिंह गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** रायपुर क्षेत्र के सुनेल रोड पर तीन ग्राम पंचायत के मध्य स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में मंदिर विकास समिति की बैठक की गई। समिति के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़ ने श्रीमद भागवत कथा के आय व्यय का हिसाब रखा और पूर्व कार्यकारिणी को शून्य किया गया। बैठक में सर्व समिति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर कुटकी,सचिव मुकेश मेहर परासली, कोषाध्यक्ष कैलाश शर्मा परासली, सहसचिव गोविंद सिंह राठौड़, सहकोषाध्यक्ष शिवराज सिंह झाला परासली,नटवर सिंह चौहान,रामदयाल सुमन, नंदकिशोर पाटीदार,अर्जुन सिंह राठौड़,महीराज सिंह झाला, बजरंग टेलर नेपाल सिंह चौहान , घनश्याम गुर्जर,कन्हैयालाल सुमन , रतनलाल गुर्जर,श्री नंद सिंह झाला ,राजाराम गुर्जर,मेहरबान सिंह झाला ,मांगीलाल गुर्जर ,रामेश्वर कारपेंटर,बालाराम गुर्जर , केसर सिंह झाला,शिव प्रसाद , मांगीलाल गुर्जर ,भगवान सिंह गुर्जर , रतनलाल गुर्जर,देशराज सिंह झाला , राजेश सुमन ,रत्तीराम गुर्जर सहित कई मौजूद थे।समिति सचिव मुकेश मेहर ने बताया है कि मंदिर विकास समिति की बैठक प्रति माह द्वितीय मंगलवार को रहेगी जिसमें स्थायी सदस्यता राशि 100 प्रति माह जमा कर प्राप्त की जाएगी।

समिति अध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर ने बताया कि आगामी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्यता पूर्ण सुनिश्चित किया जाएगा जिसकी संपूर्ण व्यवस्था के लिए समिति कटिबद्ध रहेगी साथ ही उपस्थित सभी भक्तजनो का आभार व्यक्त किया गया। यह संपूर्ण जानकारी समिति के सहसचिव गोविंद सिंह राठौड़ के द्वारा दी गई।

## गौ धाम क्षेत्र के बोर्ड एवम नए गौ ग्रास संग्रहण वाहन का उद्घाटन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** झालावाड करल गाँव झालावाड़ में देश के प्रथम राष्ट्र माता गौ धाम क्षेत्र के बोर्ड एवम नए गौ ग्रास संग्रहण वाहन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमृतपुरी जी महाराज , झालावाड़ जिला अध्यक्ष रीना लोधा, जिला संयोजक राधाकिशन लोधा, उपाध्यक्ष बलदेव लोधा, सरपंच रायसिंह लोधा, पूर्व जिला परिषद गेंदी लाल लोधा, जितेन्द्र पारेता, मुकेश औसारा, पंकज भील , प्रकाश चंद लोधा, गोविंद लोधा , मंदसौर जिले से निर्मल राठौड़ और सभी गणमान्य एवम सम्माननीय ग्राम वासी उपस्थित रहे । सभी ने गौपे सेवा संभव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह यादव द्वारा संचालित गौ ग्रास एवम राष्ट्र माता गौ धाम की योजनाओं को सराहा और साथ ही आगामी तीन माह में चार गौ ग्रास संग्रहण वाहनो के संचालन का संकल्प भी लिया । इसी वर्ष होने वाले राष्ट्र माता गौ धाम के भूमि पूजन के सात दिवसीय भूमि पूजन महोत्सव के लिए संपूर्ण ग्रामवासी उत्साहित थे , सभी ने आयोजन की रूप रेखा पर भी विचार विमर्श किया । मुख्य अतिथि अमृतपूरी जी महाराज और रीना लोधा ने बताया कि यह तो सिर्फ आरंभ है , तो संपूर्ण देश में आगामी तीन वर्ष में 1000 गौ ग्रास संग्रहण वाहनो का संचालन होना प्रस्तावित है ।

करलगांव सरपंच एवम संपूर्ण ग्राम वासियो का सम्पूर्ण साथ एवम समर्थन है और करल गाँव सरपंच ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया की राष्ट्र माता गौ धाम के निर्माण और व्यवस्था में वो और पूरा करल गाँव तन, मन और धन से पूरा साथ है ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की जब तक एक भी गाय माता सड़क पे है तब तक या मिशन अनवरत रूप से जारी रहेगा और वर्तमान में 28000 गौ सेवकों का परिवार इसी मिशन में लगा हुआ है संपुर्ण भारत वर्ष में । अंत में गौ ग्रास वाहन को नारियल फोड़ के एवम भगवा झण्डी दिखा के रवाना किया गया ।

# छोड़ो छोड़ो नफरत छोड़ो, जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो 2 दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जिले के पंचायती राज संगठन के बूंदी जिला अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया की सर्वोदय प्रशिक्षण संकल्प शिविर के दूसरे दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी के आयोजन से हुई। जो शहर के मुख्य मुख्य बाजारों से होकर आजाद पार्क पहुंची।

आजाद पार्क स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रमदान का कार्य किया गया। प्रभात फेरी में जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो, छोड़ो छोड़ो नफरत छोड़ो, दिल से दिल कौन जोड़ेगा हम जोड़ेंगे हम जोड़ेंगे, इंदिरा गांधी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, रघुपति राघव राजा राम व जय जगत जय जगत पुकारे जा के भजनों से शहर गुंजायमान हुआ।

**संगठन की मॉनिटरिंग स्वयं राहुल गांधी करते हैं :** सर्वोदय संकल्प शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा रहे। सत्येश शर्मा ने कहा कि पंचायती राज संगठन की मॉनिटरिंग स्वयं राहुल गांधी करते हैं यह संगठन निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलता है। शर्मा ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने का मूल मंत्र दिया। शिविर के समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित। समापन समारोह में पर्ची के माध्यम से एक लकी विनर की घोषणा की। इसके विजेता बद्रीलाल मीणा हरिपुरा रहे। जिसका सभी मुख्य अतिथियों ने स्वागत सत्कार किया। शिविर के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्यों जिला परिषद सदस्यों सहित पंचायती राज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को वित्तीय अधिकार देने एवं ग्राम सभा के संकल्प को गांव के विकास का माध्यम बनने पर चर्चा की। सर्वोदय संकल्प शिविर में कुल 250 कांग्रेस जनों ने भाग लिया। शिविर में प्रदेश संगठन महासचिव ओमकार वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप मेहता, प्रदेश महासचिव केशव तिवारी, संभाग प्रभारी दशरथ सिंह मीणा, बूंदी प्रभारी गुरूदीप चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस बूंदी अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रेम शंकर राठौड़ तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चेतराम मीणा, बाबूलाल वर्मा, संगठन तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष बाबुद्दीन, ओम तंबोली, कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश सुखवाल, युवा महासचिव गिर्राज मीणा, सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

### ब्यावर के बिजयनगर में हुई नाबालिग हिंदू बालिकाओं के साथ देहशोषण

# ब्लैकमेलिंग धर्मांतरण की घटना को लेकर बूंदी में मौन जुलूस निकाल जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी की सर्व हिंदू समाज की माताओ-बहनो मे राजस्थान के ब्यावर के बिजयनगर में हुई नाबालिग हिंदू बालिकाओं के साथ मुस्लिम युवको द्वारा देहशोषण, ब्लैकमेलिंग धर्मांतरण की घटना को लेकर भारी आक्रोश है इस तरह के गंभीर जिहादी आचरण जो मुस्लिम समाज के युवकों द्वारा साजिश कर किए जा रहे है, उसे हिंदू समाज की माँताए-बहने कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, उक्त घटना में सम्मिलित मुजलिमो को उक्त कृत्य की सजा मिले, उक्त सदर्भ में मौन जुलूस के उपरांत प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने की। उक्त अवैध कृत्य में शामिल अपराधियों को फांसी की सजा हो साथ ही सुदृढ कानून व्यवस्था के माध्यम से समाज में हिंदू बलिकाओं के संरक्षण को सुनिश्चित करें एंव इस तरह के आपराधिक एवं विकृत मानसिकता वाले अपराधियों को फांसी की सजा देकर एक मिसाल के रूप में संपूर्ण समाज में यह मैसेज प्रसारित करें। बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सरकार कटिबद्ध है। जिससे उक्त अपराध में लिप्त आरोपियों के साथ समाज के अन्य अपराधियों में भी भय पैदा हो, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। इन्हीं सबके साथ बूंदी की सर्व समाज की महिलाओं ने मोन जुलूस चौहान गेट जैन मंदिर से शुरू किया जो इंदिरा मार्केट होता हुआ जिला कलेक्टर तक पहुंचा मगर पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट के अंदर महिलाओं को जाने से रोक दिया जिससे काफी देर तक कलेक्ट्रेट के बाहर जाम लग गया, तब जाकर पुलिस प्रशासन ने महिलाओं को कलेक्ट के अंदर जाने दिया। वहां उपस्थित सभी महिलाओं को ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया इसके पश्चात कलेक्टर को राष्टीयपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रिद्धि कार्यक्रम प्रभारी,बबीता गगवाल, निर्मला जैन, नगीना सोनी, अनीता वर्मा, मेनका जाजू, अंशुल जैन, किरण नामा, मीनू शर्मा, ममता शर्मा , साधना श्रृंगी सहित कई महिलाएं उपस्थित रही ।

## जिला कलक्टर ने किया फार्मर रजिस्ट्री केंम्प का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तोड़गढ़ ( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गुरुवार को जिले के गंगरार के आजोलिया का खेड़ा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैम्प में चल रही गतिविधियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर आलोक रंजन के निरीक्षण के दौरान जिले में कृषि विकास और किसानों के हितों को सरकार बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं! इस दौरान उपखण्ड अधिकारी तहसीलदार सहित संबधित अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**जिला कलक्टर ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण :** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आज गुरुवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया और कैदियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया । जिला कलक्टर ने उपलब्ध करवाई जा रही पेयजल, साफ सफाई आदि की जानकारी ली । उन्होंने इस संबंध में जेल के बाहर अतिक्रमण हटाने को लेकर भी उप जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। जेल के अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## आजाद की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( सुरेश मोमिया )।** झालरापाटन असनावर कस्बे में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने महान स्वतन्त्रता सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड अब्दुल नईम पठान उर्फ लक्की ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल यंग बिग्रेड अकलेरा रामस्वरूप मेघवाल, ब्लॉक महासचिव सेवादल भंवरलाल धूलिया, ब्लॉक सचिव सेवादल राकेश भील, नगर अध्यक्ष असनावर सेवादल मांगीलाल मेघवाल, नगर उपाध्यक्ष बापूलाल एरवाल, नगर सचिव हरिमोहन यादव, नानुराम गुर्जर, अतुल गुप्ता, शौकत भाई,बीरमलाल मेघवाल, विशाल मेघवाल, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धौलपुर में पहली पारी की रीट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## कड़ी सुरक्षा के बाद अभ्यर्थियों को दिया गया प्रवेश, केंद्र के बाहर सिर पटककर रोने लगी युवती



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले में रीट की परीक्षा 31 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। तीन पारियों में होने वाली परीक्षा की पहली पारी में 24 परीक्षा केंद्रों पर लेवल वन के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों की सुबह से ही परीक्षा केंद्रों में भीड़ लगनी शुरू हो गई। कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। दूसरी और तीसरी पारी में 31 परीक्षा केंद्रों पर लेवल 2 के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### केंद्र के बाहर सिर पटकने लगी परीक्षार्थी

पायल शर्मा नाम की परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी सिटी कोतवाली स्कूल में था। जो सुबह परीक्षा देने के लिए समय से महात्मा गांधी बाड़ा हैदर शाह स्कूल में पहुंच गई। चेकिंग स्टाफ ने परीक्षार्थी की चेकिंग भी कर ली, लेकिन जब परीक्षार्थी कमरे में पेपर देने के लिए पहुंची, तो उसे महात्मा गांधी सिटी कोतवाली स्कूल में केंद्र होने की जानकारी दी गई। इसके बाद परीक्षार्थी महात्मा गांधी सिटी कोतवाली स्कूल पर पहुंची, जहां उसे 9 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया गया। जिसके बाद परीक्षार्थी मौके पर ही रोती बिलखती सिर पटकने लगी।



## रीट परीक्षा में देर से पहुंचे अभ्यर्थियों की एंट्री बंदः बाड़ी में तीन सेंटर पर हुई परीक्षा, नथ उतारने में जूझी छात्रा

बाड़ी में रीट परीक्षा के लिए तीन सेंटर है। जहां देर से पहुंचे कई अभ्यर्थियों को वापस लौटना पड़ा। साथ ही एक अभ्यर्थी को नथ उतारने में परेशानी हुई, जिसे परीक्षा टीम की मदद से उतारा गया।

कस्बे के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, किला स्थित गवर्नमेंट बॉयज स्कूल और गर्ल्स स्कूल को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। राजस्थान अध्यापक पात्रता भर्ती परीक्षा का आयोजन तीन साल बाद हो रहा है। इस परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही ऑनलाइन बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया गया।

पीजी कॉलेज में 472, किला सीनियर स्कूल में 408 और गर्ल्स स्कूल में 360 अभ्यर्थी नामित किए गए हैं। प्रथम पारी की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया।

**देर से पहुंचे कई अभ्यर्थियों को वापस लौटना पड़ा**–धौलपुर से आई सीमा की बाइक पंचर हो गई। वो समय पर नहीं पहुंच पाई और उसे प्रवेश से वंचित होना पड़ा। एक अन्य अभ्यर्थी राजकुमारी भी रोती हुई लौटी। उसने बताया कि वो पिछले 3 साल से तैयारी कर रही थी।

सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई।कोतवाली थाने के एसआई हरवीर सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर पुलिस प्रशासन की पर्याप्त व्यवस्था है। महिला पुलिस कर्मी भी तैनात हैं। मोबाइल गाड़ियां हर केंद्र की निगरानी कर रही हैं।

# शहर के ब्रह्मकुमारी आश्रम में मनाया गया शिव बाबा का जयंती महोत्सव

### जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने किया ध्वजारोहण, आश्रम के प्रयासों को बताया सराहनीय,



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर की परशुराम कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में गुरुवार को शिव बाबा का अवतरण दिवस मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो को सम्बोधित किया और बताया कि ब्रह्माकुमारी आश्रम से उनका पूर्व से भी जुड़ाव रहा है। भरतपुर में अपनी सेवा के दौरान वे वहां स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में जाते रहे है। जिसमे मेडिटेशन लिया है। इस उपासना से मन मे एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिससे दिभर काम करने में और जनता की सेवा करने में थकान नही होती है।

अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की जितनी भी ब्रांच है वह लोगों में सकारात्मक ऊर्जा और सकारात्मक संदेश का प्रचार करती हैं। किसी से कोई बैर भाव नहीं रखना और हर व्यक्ति के प्रति सकारात्मक सोचना उनका उद्देश्य रहता है। जो एक पॉजिटिव एनर्जी को जन्म देता है और लोगों में इससे अच्छे गुणों का संचार होता है। उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम में अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर आए हैं। क्योंकि आज रीट परीक्षा है। इस दौरान ब्रह्मकुमारी आश्रम की प्रमुख अंबिका बहन ने भी अपना उद्बोधन दिया और ध्वजारोहण के दौरान शिव प्रतिज्ञा सभी मौजूद श्रद्धालु और आश्रम के से जुड़े लोगों को दिलाई। इस दौरान बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल,बाड़ी चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन मंगल,डॉ महेश गुप्ता के साथ आश्रम से जुड़ी बहन और भाई एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर विधिक की कार्यशाला, कचरा प्रबंधन को लेकर न्यायिक अधिकारी दिखे संवेदनशील



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के निर्देश पर गुरुवार को अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे नीरज कुमार और न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या दो चित्रांशी सिंह की मौजूदगी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन शहर की नगर पालिका परिसर में किया गया।

इस दौरान उपस्थित पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एडीजे नीरज कुमार ने बताया कि ठोस अपशिष्ट का प्रभावी रूप से प्रबंधन जरूरी है। उन्होंने उपस्थित पार्षदगण और आमजन को संबोधित किया एवं कहा कि आज सिस्टम के दुष्प्रभाव सभी लोगों को झेलना पड़ रहा हैं। जिसके लिए आमजन का जागरूक होना जरूरी है। इसके लिए लोगों को निजी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की जरूरत है। जब निजी स्तर पर कोई पहल शुरू होती है भले ही वह छोटे स्तर पर हो उसका एक बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। पर्यावरण की दृष्टि से पुन: चक्रण प्रक्रिया अत्यन्त जरूरी है। यदि हम ठोस अपशिष्ट को किसी उत्पाद में कच्चे माल के तौर पर उपयोग कर लें तो इससे समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

कार्यशाला के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या दो चित्रांशी सिंह ने कहा कि ठोस अपशिष्ट पदार्थ का प्रभावी प्रबंधन जरूरी है । लैंडफिल के लिए पर्याप्त जगह की कमी के कारण बायोडिग्रेडेबल कचरे को विघटित किया जाता है।खाद बनाने में बायोडिग्रेडेबल पदार्थ का उपयोग होता है इस विषय में इस विषय के क्रम में पायरोलिसिस विधि के बारे में भी लोगों को बताया गया। कार्यशाला के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल,नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी,पार्षद राजकुमार भारद्वाज, कोर्ट के अधिवक्ता और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य शिव बारात निकाली, जगह जगह हुआ स्वागत, कोमी एकता की मिसाल पेश की

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** शहर में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। यह शिव बारात शहर में संचालित महाकाल ग्रुप के नेतृत्व में निकाली गई। शिव बारात शहर के ब्रह्मपुरी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभान मार्गों से होती हुई बॉटम लेवल स्थित शिव मंदिर पर पहुंची। जहां पर शिव पार्वती विवाह के अंतर्गत वरमाला माला की रस्म निभाई गई। इस भव्य शिव बारात में लगभग दस हजार से अधिक की संख्या में शृद्धालु उपस्थित रहे। शिव बारात में अघोरी नृत्य और बाबा भोलेनाथ की झांकी ने शिव भक्तों का मन मोहा। इस दौरान सभी शिव भक्त हर हर महादेव और जय श्री महाकाल के नारे लगाते हुए झूमते नाचते गाते चल रहे थे।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**–शिव बारात का शहर के लोगों तथा संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घरों की छतों, दुकानों पर चढ़ कर जुलूस पर फूल बरसाए तथा अलग अलग जगहों पर टेंट लगा कर पानी की स्टाल, चाय, नाश्ता, व्रत के लिए फलाहार, खीर, सिंगाड़े के आटे की नुकती, फल और फ्रूट की व्यवस्था की।

**जुलूस में दिखा आपसी भाईचारा** – इस शिव बारात को सफल बनाने में अल्पसंख्य समुदाय ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन धार्मिक के साथ साथ आपसी सौहार्द्य का भी रहा।

# लाखेरी अस्पताल में नहीं मिल रहा मरीजों को इलाज, इलाज के अभाव में इधर-उधर भटक रहे मरीज

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** शहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के अभाव में मरीजों को इलाज के लिए मजबूरी में दूर दराज या निजी अस्पताल में इलाज करवाने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। वर्तमान समय में लाखेरी सामुदायिक चिकित्सा केंद्र अव्यवस्थाओं का पर्याय बन चुका है। जबकि इस चिकित्सालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ ट्रॉमा सेंटर भी संचालित हैं लेकिन यहां पर हमेशा चिकित्सकों का अभाव बना रहता है। वर्तमान में चिकित्सा केंद्र में कुल ग्यारह चिकित्सकों के पद स्वीकृत है जिनमें से मात्र तीन चिकित्सक ही चिकित्सालय में कार्यरत है ऐसी स्थिति में मरीजों को इलाज हेतु या तो इंद्रगढ़ या कापरेन इलाज कराने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। समस्या तो तब खड़ी हो जाती है जब आपातकालीन स्थिति में कोई मरीज रात्रि में चिकित्सालय में इलाज हेतु आता है तो उसे प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पाता जिसके चलते कई बार गंभीर मरीजों की जान तक बन जाती है।

ऐसा ही एक मामला 27 फरवरी बुधवार को देखने को मिला जब एक महिला उल्टी घबराहट की शिकायत लेकर रात को ग्यारह बजे लगभग चिकित्सालय में पहुंची जहां पर रात्रिकालीन चिकित्सक जो कि स्थानीय निवासी भी है की ड्यूटी होने के बावजूद अनुपस्थित मिले। नर्सिंग स्टाफ से जानकारी करने पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने रात्रिकालीन ड्यूटी पर मैडम वेदांती सक्सेना का होना बता कर मैडम को घर पर दिखाने की बात कही। जिस पर मरीज के परिजन मरीज को लेकर डॉक्टर वेदांती सक्सेना के आवास पर पहुंचे जहां पर वेदांती सक्सेना के असिस्टेंट ने फोन पर बात की तो सक्सेना ने मरीज को देखने से मना कर दिया। परिजनों के मिन्नतें करने के बाद भी चिकित्सक वेदांती ने मरीज को नहीं देखा जिस पर परिजन मरीज को प्राइवेट नर्सिंग होम पर लेकर गए लेकिन वहां पर भी गेट नहीं खोले तो परिजन मरीज को निजी साधन करके इंदरगढ़ चिकित्सालय में लेकर गए जहां पर मरीज को साधारण इंजेक्शन देकर आराम आने पर घर भेज दिया। इसी प्रकार अभी चार दिन पूर्व भी तत्कालीन विधायक बाबूलाल वर्मा के छोटे भाई ने चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं होने के चलते इलाज के अभाव में कोटा ले जाते समय दम तोड़ दिया था। लाखेरी चिकित्सालय में इस प्रकार की कई घटनाएं घटित हो चुकी है जिसके बावजूद भी प्रशासन का लाखेरी चिकित्सालय के प्रति कोई ध्यान नहीं है जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन तथा राज्य सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।



# भोले के दरबार में श्रद्धालुओ पर चढ़ा भक्ति का रंग

### बम बम भोले,ऊँ नमः शिवाय के मंत्रोच्चारो से गुंजे शिवालय



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** महाशिवरात्रि के मौके पर सभी शिवालयो पर श्रद्वालुओ का तातां लगा हुआ है। शिव भक्त भगवान भेले के अभिषेक,बिलपत्र,ऑक,धतूरा चढ़ा कर अपनी मनोकामनाए मांग रहे है। नैनवां शहर के समीप धानुगांव में असाध्य बीमारियो के इलाज के लिए खुर्देश्वर महादेव का मंदिर है,जहां पूरे प्रदेश भर के यात्री यहां पहुॅचते है। जिसमें ज्यादातर रोगी चर्मरोगी,पाइल्स रोगी,दाद,खुजली एंव मस्सा के रोगी होते है। यहां लोगो का अटूट विश्वास है,कई दिनो तक रोगी मंदिर परिसर में ही बाबा भोलेनाथ के शरणो में पड़े रहते है। जब तबियत या रोग ठीक हो जाता है,तो श्रद्वालु खुर्देश्वर महादेव के भोग लगाते है। यह परम्परा कई वर्षो से जारी है। खुर्देश्वर महादेव के मंदिर के सामने एक बड़ा हवन कुण्ड बना हुआ है। यहां श्रद्वालु नारियल,अगरबतिया,प्रसाद,घी इस अग्नि कुण्ड में डालते है। फिर अग्नि कुण्ड के परिक्रमा करते है। तीन दिवसीय मेले का समापन आज- खुर्देश्वर महादेव समिति से जुड़े लोगो ने बताया कि महाशिरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष यहां तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार मंगलवार को रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। बुधवार को मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। गुरूवार को मेले में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओ के फाईनल मैच होने के साथ ही मेले का समापन एंव पारितोषित वितरण किया जायेगा। तीन दिन से खुर्देश्वर महादेव के प्रांगण में दूकानी लगी हुई है जहां हर प्रकार की रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुए बिक्री के लिए मौजूद है। मेले में आस पास के ग्रांमीणजन एंव महिलाए पहुॅच रही है।

### दूसरे दिन भी जारी रहा मेला-

शहर के बड़े तालाब की पाल पर स्थित पालेश्वर महादेव मंदिर पर भी शिव भक्त दर्शन के लिए पहुॅच रहे है। गुरूवार को यहां दूसरे दिन भी मेला का आयोजन हुआ। मेले में ज्यादतर मिट्टी से बने हुए मटके,गुलक,सुराई सहित अन्य बर्तन बिक्री के लिए रखे गये जहां महिलाओ ने अपनी अपनी आवश्यकता के अनुसार मिट्टी के बर्तनो की खरीद की गई।पालेश्वर महादेव मंदिर को विशेष तौर से सजाया गया। पालेश्वर की प्रतिमा को भी मनमोहक तरीके से सजाया गया। यहां भी ऐसी मान्यताए है,कि पालेश्वर पर भी कई प्रकार की बीमारिया ठीक होती है।

# राजसमन्द विधानसभा के 6 राजस्व गांवों को नगर परिषद में शामिल करने हेतु हजारो की संख्या में जताया भारी विरोध

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नगर परिषद राजसमन्द आयुक्त द्वारा परिसिमन के नाम पर राजसमन्द विधानसभा के 6 राजस्व गांवो को नगर परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव 14/02/2025 को जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवाया गया था। जिस पर पसुन्द सरपंच अयन जोशी ने बताया कि यह प्रस्ताव गुपचुप में अधिकारी द्वारा गाँव वालो से बिना पूछे या बिना बताए बनाया गया। इसकी किसी भी तरह से किसी भी ग्रामवासी को कोई जानकारी नही थी । जब इस प्रस्ताव के बारे में ग्रामवाशियों को पता चला तो मोरचणा, भगवान्दा खुर्द, पीपरडा, शंकरपुरा, एमड़ी एवं केरोट के समस्त ग्रामवाशी हजारों की संख्या में जिला कलेक्टर मुख्यालय पर पहुंचे जहाँ सभी ने एकजुट होकर प्रशाशन को नगर परिषद द्वारा गुपचुप में पूर्णरूप से भेदभाव करते हुए बनाए गए परीसीमन के इस प्रस्ताव पत्र को खारीज करने की मांग की । पूर्व उपप्रधान सुरेश जोशी, पूर्व जिलामंत्री श्रीकिशन पालीवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मांगीलाल कुमावत, उपप्रधान सुरेश कुमावत, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश पालीवाल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोगो ने प्रस्ताव खारिज नहीं करने पर चुनाव मतदान बहिस्कार की चेतावनी दी। जिला कलक्टर असावा को हर राजस्व गांव के 5-5 की टूकडी में गाँव के वरीष्ठ जनों द्वारा ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद द्वारा जारी आदेश को खारिज करने की मांग की। सरपंच जोशी ने बताया कि इस संदर्भ में 6 ही राजस्व गांव के ग्रामवासी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा राजस्थान सरकार व संबन्धित मंत्री झाबर सिंह खर्रा, महिमा कुमारी मेवाड़ सांसद राजसमन्द, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश जी पालीवाल, निर्वतमान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह जी बारहठ को ज्ञापन सौंपकर प्रस्ताव को रदद करवाने हेतु मांग की है ।



ग्रामवासियो ने एक स्वर में प्रस्ताव को खारिज नही करने पर आगामी समस्त चुनावो में मतदान बहिष्कार करने के नारे लगाए । ये 6 राजस्व गांव भाजपा के गढ़ माने जाते है लेकिन ग्रामवासियों का कहना है कि भाजपा सरकार के गढ़ होने के बावजूद अगर ऐसी परिस्थिति बनती है ओर परिसीमन का यह प्रस्ताव रद्द नही किया जाता है तो भाजपा संगठन 14500 के लगभग मतदाताओं का बाहुल्य रखने वाले इन गढ़ो में संगठन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा ।

# फॉरेस्ट टीम पर हमले का मामला,दूसरे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए फॉरेस्ट टीम पर हमला करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। 8 फरवरी को फॉरेस्ट टीम पर गश्त के दौरान हमला हुआ था। जिसको लेकर वनपाल नाका इंदौरा उग्रसेन निषाद ने मामला दर्ज कराया था। सोने का गुर्जा थाना अधिकारी कैलाश चंद्र ने बताया कि 8 फरवरी को फोरेस्ट टीम पर गश्त के दौरान हमला हुआ था।हमले के दौरान 15 से 20 लोगों ने लाठी,डंडों और अन्य धारदार हथियारों से टीम पर हमला किया। जिसमें ध्रुवसिंह वृक्ष पालक को बुरी तरह मारा पीटा गया साथ में वनपाल उग्रसेन और गजराज के साथ भी मारपीट की गई साथ मे धमकी दी कि जंगल में द्वारा दिखाई दिए तो सरकारी गाड़ी आग लगा देंगे। हमले को लेकर वनपाल उग्रसेन निषाद की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम में एक एक आरोपी भूरा पुत्र राजेंद्र को पूर्व में गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही थी। जिसे आज मदनपुर वन रेंज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये आरोपी राजेंद्र पुत्र पन्ना गुर्जर से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)**

क्रमांक :- म.सु./ई-निविदा/2025-26/1333-1346 दिनांक :- 21/02/2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या-01, 02 व 03 एवं 04**

कृषि उपज मण्डी समिति टोंक में वर्ष 2025–26 हेतु सुरक्षा व्यवस्था (फल–सब्जी ब्लॉक, मुख्य मण्डी प्रांगण टोंक, गौण मण्डी प्रांगण सोहेला व झीराणा एंव मिनी फुडपार्क सोनवा), सफाई व्यवस्था (मुख्य मण्डी प्रांगण टोंक एंव फल–सब्जी ब्लॉक मुख्य मण्डी टोंक) व कम्प्यूटर ऑपरेटर विथ मशीन एंव असेयिंग लेब संचालन व्यवस्था (मुख्य मण्डी प्रांगण टोंक व गौण मण्डी प्रांगण सोहेला) एंव किसान कलेवा संचालन व्यवस्था (मुख्य मण्डी प्रांगण टोंक) हेतु अनुमानित बजट क्रमशः 32.00 लाख रू., 22.00 लाख रू. व 19.00 लाख रू. एवं 15.50 लाख रू. की सीमा में योग्य अनुभवी पंजीकृत सेवाप्रदाता एजेन्सीयों/संस्थाओं से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव 2013 के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओं के उपापन के सम्बन्ध में ऑनलाईन निविदा ई–प्रोक्यूरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से दिनांक 07/03/2025 सांयकाल 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत विवरण sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

NIB CODE : DAM2425A0619

UBN NO. :- DAM2425SLRC01281, DAM2425WSRC01282, DAM2425SLRC01283, DAM2425SLRC01284

राज.संवाद/सी/24/12188 प्रशासक सचिव

# चैंपियंस ट्रॉफी- पाकिस्तान-बांग्लादेश मैच रद्द, मेजबान बिना जीते बाहर

## रावलपिंडी में लगातार दूसरा मुकाबला बेनतीजा रहा, फैंस निराश होकर लौटे







**रावलपिंडी। एजेंसी**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। मेजबान पाकिस्तान टूर्नामेंट में बिना जीत के बाहर हो गई।

गुरुवार को रावलपिंडी में रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में मैच रेफरी ने इसे रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया।

यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में भारत ने हराया था। वहीं, बांग्लादेश को पहले मुकाबले में भारत और दूसरे में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा।

### एक भी मैच नहीं जीत सका पाकिस्तान, सिर्फ एक अंक मिला

पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

### टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर

पाकिस्तान की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तानी टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था।

### पिछले 3 आईसीसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान का प्रदर्शन

टी-20 वर्ल्ड कप ॱ4 में से 2 मैच जीत सकी टीम पाकिस्तान की टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित टी-20 टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 4 में से 2 मैच ही जीत सकी। टीम सुपर-8 राउंड में भी जगह नहीं बना सकी थी। तब बाबर आजम ने कप्तानी छोड़ दी थी। कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को हटाया गया था।

वनडे वर्ल्ड कप में पहले राउंड से बाहर भारत की मेजबानी में आयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पहले राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 9 में से 4 लीग मैच जीते थे, वहीं 5 मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने कप्तानी छोड़ दी थी। इतना ही नहीं, क्रिकेट डायरेक्टर मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था।

टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल हारे पाकिस्तानी टीम 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड से हार गई थी। उसके बाद पीसीबी चीफ रमीज राजा को इस्तीफा देना पड़ा था।

# दिल्ली कैपिटल्स ने केविन पीटरसन को मेंटॉर बनाया

### 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा रहे; फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी कर चुके



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए अपना मेंटॉर बनाया है। वे पहली बार कोचिंग रोल में होंगे। 44 साल के पीटरसन का यह कोचिंग रोल में पहला कार्यकाल है। वे 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी भारतीय लीग का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 17 आईपीएल मैचों में कप्तानी भी की है। फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया था। तब हेड कोच रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को गेंदबाजी कोच बनाया गया, जबकि हेमंग बदानी टीम के हेड कोच और वेणुगोपाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने। 2021 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंची दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स की टीम 2021 के बाद से आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। तब टीम ऋषभ पंत की कप्तानी में कोलकाता से क्वालिफायर-2 हारकर बाहर हो गई थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी- चोटिल रोहित शर्मा ने प्रैक्टिस नहीं की

## गिल भी शामिल नहीं हुए; 2 मार्च को भारत का न्यूजीलैंड से मुकाबला





**दुबई। एजेंसी**

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार शाम को दुबई में हुए प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ मैदान पर मौजूद रहे। वहीं, वाइस कैप्टन शुभमन गिल की तबियत ठीक नहीं होने के कारण ग्राउंड पर नहीं आए।

हालांकि, टीम इंडिया की ओर से रोहित और गिल को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।

बुधवार को भारतीय टीम ने प्रैक्टिस की भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी लीग मैच रविवार यानी 2 मार्च को दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलना है। टीम इंडिया ने बुधवार रात को द्रुष्टष्ट अकादमी में फ्लड लाइट में तीन घंटे अभ्यास किया। विराट कोहली ने नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की, वहीं मोहम्मद शमी भी पूरी लय में गेंदबाजी करते नजर आए। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल निजी कारणों से घर जाने के बाद टीम में वापस लौट आए हैं।

रोहित को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में लगी थी चोट रोहित शर्मा को 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे लीग मैच में चोट लग गई थी। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ देर के लिए ड्रेसिंग रूम में चले गए, लेकिन फिर मैदान पर लौट आए। रोहित ने भारत के 242 रनों के सफल पीछा के दौरान बल्लेबाजी भी की, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाए।

रोहित प्रैक्टिस सेशन के दौरान बाहर से अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करते हुए देखते रहे। ऐसा माना जा रहा है कि वह सावधानी बरत रहे हैं, ताकि 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के तीसरे लीग मैच से पहले उनकी चोट और न बढ़ जाए। साथ ही वे 4 मार्च को सेमीफाइनल में खेल सकें। अगर भारत फाइनल (9 मार्च) में पहुंचता है तो इसमें भी खेल सकें। न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित कर सकते हैं आराम भारत अपने दो लीग मैच जीत कर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। ऐसे में रोहित हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए इस मैच में आराम करें। भारत ने अपने पहले लीग मैच में बांग्लादेश को और दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। गिल की तबीयत खराब थी गिल की तबीयत खराब है। उम्मीद है कि वे 2 मार्च तक ठीक हो जाएंगे और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबला खेलेंगे। वहीं, बुधवार को ऋषभ पंत ने भी नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी की। उन्हें बुखार था। फिलहाल वे ठीक हो चुके हैं।

**स्वास्थ्य समाचार**

# रोस्टेड चना बालों के लिए है फायदेमंद, इस तरह करें इस्तेमाल

रोस्टेड चना स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी होता है। यह शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर कर सकता है। साथ ही कई अन्य बीमारियों को दूर करने में प्रभावी होता है। इसलिए कई हेल्थ एक्सपर्ट इवनिंग स्नैक्स में रोस्टेड चना खाने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपके स्किन और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद हो सकता है? रोस्टेड चना आपके बालों की खूबसूरती भी बढ़ा सकता है। इसमें मौजूद तत्व बालों की ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं। साथ ही इससे झड़ते और बेजान बालों की समस्या दूर हो सकती है।

### क्या रोस्टेड चना बालों के लिए अच्छा होता है?

- रोस्टेड चने कई तरह के विटामिन्स से भरपूर होते हैं, जो आपके बालों को पोषण प्रदान करते हैं। नियमित रूप से भुने हुए चने का सेवन करने से बालों की खूबसूरती बढ़ सकती है। साथ ही इससे झड़ते बेजान बालों की परेशानी दूर होगी।
- इतना ही नहीं, भुने हुए काले चने में विटामिन बी6 और जिंक भी भरपूर रूप से मौजूद होता है। यह आपके बालों के विकास के लिए काफी बेहतर हो सकता है। ये पोषक तत्व बालों में प्रोटीन के निर्माण में मददगार होते हैं, जो बालों के रोम को मजबूत करने में असरदार हैं। साथ ही इससे बालों के विकास को भी बढ़ावा मिलता है।

### बालों में कैसे इस्तेमाल करें रोस्टेड चना?

**नियमित रूप से रोस्टेड चना खाने से आप बालों के विकास को बेहतर कर सकते हैं। साथ ही यह बालों की ग्रोथ को भी बेहतर कर सकता है।**

### हेयर मास्क बनाने की विधि

भुने हुए चने का हेयर मास्क बनाने के लिए 1 चम्मच रोस्टेड चने का पाउडर लें। इसमें 1 अंडा, 1 टीस्पून नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद इसमें 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से फेंट लें। अब इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाएं। करीब 20 मिनट बाद बालों को अच्छे से धो लें। नियमित रूप से इस हेयर मास्क को लगाने से आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा। इससे आपके बाल सॉफ्ट और मुलायम हो सकती हैं।

# चेहरे पर एलोवेरा और नारियल तेल लगाने से मिलते हैं ये फायदे



एलोवेरा और नारियल तेल दोनों ही सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं। इन दोनों का मिश्रण त्वचा और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए एक बेहद कारगर उपाय उपाय हैं। एलोवेरा एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। साथ ही इसमें बीटा-कैरोटीन, विटामिन सी और ई प्रचुर मात्रा में होता है, जिससे यह त्वचा की कई समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। वहीं नारियल का तेल एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है। नारियल तेल में मौजूद विटामिन ई और ओमेगा 3 फैटी एसिड आपको एक दमकती त्वचा पाने में मदद करते हैं।



### मुंहासों से छुटकारा मिलता है

एलोवेरा में विटामिन सी, ई और एंटिऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जिससे यह मुहांसों की सूजन को कम करने और घाव जल्दी भरने में मदद करता है। नारियल तेल क्लींजिंग एजेंट के रूप में काम करता है। इन दोनों का मिश्रण चेहरे पर जमा अतिरिक्त तेल, रोमछिद्रों की गंदगी साफ करने में मदद करता है और मुंहासे कम करता है।

### चेहरे की रंगत साफ होता है

एलोवेरा और नारियल तेल लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे कम होते हैं, साथ ही सनबर्न, टैनिंग और पिगमेंटेशन को कम करने में मदद मिलती है। इससे त्वचा के कालेपन को दूर करने में भी मदद मिलती है। ये आपको एक साफ और दमकती त्वचा पाने में मदद करते हैं।

### एजिंग के लक्षण कम होते हैं


एलोवेरा और नारियल तेल लगाने से चेहरे की त्वचा टाइट होती है। इससे झुर्रियां, फाइन लाइन्स और रोम छिद्रों को श्रिंक करने में मदद मिलती है। जिससे यह एजिंग के लक्षण कम दिखाई देते हैं और आप जवां नजर आते हैं।

### ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है

ड्राई स्किन के कारण चेहरे की त्वचा व होंठ फटने लगते हैं। साथ ही इससे एक्ने और ब्रेकाआउट्स की समस्या भी होती है। नारियल के तेल में मॉइस्चराइजिंग गुण होत हैं। एलोवेरा और नारियल तेल लगाने से त्वचा में नमी को लॉक करने में मदद मिलती है। यह आपको एक सॉफ्ट और सपल स्किन पाने में मदद करता है।

### त्वचा एक्सफोलिएट होती है

एलोवेरा और नारियल तेल चेहरे पर मौजूद मृत कोशिकाओं को हटाने में मददगार है। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। यह मिश्रण त्वचा के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# विधानसभा में गतिरोध टूटा

## कांग्रेस विधायकों का निलंबन खत्म

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

विधानसभा में 7 दिन से बना गतिरोध खत्म हो गया है। कांग्रेस के निलंबित 6 विधायक भी बहाल हो गए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने डोटासरा के अपशब्दों के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा- गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणी आसन की गरिमा के अनुकूल नहीं थी। उसके लिए मैं माफी चाहता हूं, उसमें मुझे कोई संकोच नहीं है। जूली ने कहा- इंदिरा गांधी पर मंत्री की तरफ से जो व्यंग्यात्मक टिप्पणी की थी, उसके बाद में विवाद बढ़ा।

सदन के नेता मुख्यमंत्री का धन्यवाद, जिन्होंने इस गतिरोध को खत्म करने के लिए वार्ता की और हमें बुलाया। मैं शिकायत भी करना चाहूंगा सदन के नेता से, आप चाहते तो यही वार्ता आज से 4 दिन पहले हो जाती तो न हमें सदन में सोना पड़ता, न सड़कों पर रहना पड़ता। जूली ने कहा- पक्ष-विपक्ष के बिना सदन अधूरा है।




### कांग्रेस के विधायक विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे थे

इससे पहले कांग्रेस विधायकों ने गुरुवार सुबह विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस के विधायक विधानसभा परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठे। इनकी गैर मौजूदगी में ही विधानसभा में प्रश्न काल की कार्यवाही चली। विधानसभा के बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- जो गतिरोध सत्ता पक्ष बनाना चाहता है। वो बन रहा है। हमारी तरफ से पूरा प्रयास करने के बाद भी सत्ता पक्ष वार्ता के लिए तैयार नहीं है। मैंने खुद कल इस मामले पर सीएम भजनलाल से बात की थी। इससे एक दिन पहले मैंने संसदीय मंत्री से बात की थी। आज तक सरकार की तरफ से गतिरोध तोड़ने को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए। सत्ता पक्ष जिस घमंड में चूर है, वो नहीं चाहते कि विपक्ष विधानसभा में आकर अपनी बात रख सके।

## जूली ने डोटासरा के अपशब्दों के लिए माफी मांगी

### सीएम बोले- सदन चलाना सत्ता-विपक्ष की जिम्मेदारी

#### सीएम भजनलाल बोले- विपक्ष हमारी ताकत है



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- जनप्रतिनिधि के प्रति जनता में जो भाव है, उसे ध्यान में रखना होगा। हमारे किसी सदस्य के मुंह से गलत बात निकलती है तो उसको भी रात को नींद नहीं आएगी, उसे पश्चाताप होता है। हम कुछ भी बोलें, सोच विचार कर बात रखनी चाहिए।

भजनलाल शर्मा ने कहा- सदन चलना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। मैं तो कहता हूं 200 विधायकों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा- मैं स्पीकर साहब से आग्रह करता हूं कि मंत्री ने जो टिप्पणी की है, उसको भी सदन की कार्यवाही से निकालने का आग्रह करता हूं। विपक्ष हमारी ताकत है।

## उज्जैन के आश्रम पहुंचा आसाराम

### शिष्य बोले- मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा; जांच के बाद ही प्रवेश, कैमरा-फोन पर बैन

बढ़ता राजस्थान

**उज्जैन ( एजेंसी )।** 22 फरवरी को इंदौर के आश्रम से गायब हुआ आसाराम उज्जैन पहुंच गया है। यहां मंगलनाथ स्थित आश्रम में ठहरा है। बड़ी संख्या में अनुयायी उससे मिलने आ रहे हैं। सांदीपनि आश्रम के पास बना आसाराम का ये आश्रम कई दिनों से वीरान पड़ा था। लेकिन अब इसे फूलों और रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है। यहां लोगों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। मोबाइल, कैमरा या अन्य गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। सभी को आश्रम के बाहर ही मोबाइल जमा करना पड़ रहा है। गार्ड बाहर से भी आश्रम की तस्वीरें नहीं लेने दे रहे हैं। आश्रम से जुड़े लोगों का कहना है कि आसाराम किसी भी अनुयायी से नहीं मिल रहा है। वह केवल अपना मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा है। हालांकि, शिष्य रोज आश्रम पहुंच रहे हैं लेकिन आसाराम कमरे से बाहर नहीं निकल रहा है। वह कब और कैसे यहां पहुंचा, इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है। सूत्रों का कहना है कि वह दो दिन पहले ही उज्जैन पहुंचा है। इससे पहले कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आसाराम इंदौर के आश्रम गया था, जहां प्रवचन देते उसका एक वीडियो भी सामने आया था।

#### सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च तक सशर्त जमानत दी है

सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को आसाराम को 31 मार्च तक सशर्त जमानत दी थी। कोर्ट ने उसे अपने अनुयायियों से मिलने की सख्त मनाही की है। प्रवचन देने पर भी रोक लगाई है। लेकिन इंदौर में उसके प्रवचन देने की तस्वीरें आई थीं। वह समर्थकों से मिल रहा था। खुलकर बातचीत कर रहा था।

इससे पहले पालनपुर (गुजरात) आश्रम का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह सामूहिक रूप से भक्तों से मुलाकात करता नजर आया था। प्रवचन देने के मुद्दे के मीडिया में आने के बाद आसाराम इंदौर से निकल गया था।

## भारत बोला- पाकिस्तान एक नाकाम देश, दान के पैसों पर जिंदा रहता है

बढ़ता राजस्थान

**जेनेवा ( एजेंसी )।** पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोप लगाता रहा है। इस पर भारत ने कहा- पाकिस्तान एक नाकाम देश है, जो खुद दान के पैसों पर जिंदा रहता है। संयुक्त राष्ट्र में इनके प्रतिनिधियों की तरफ से दिए गए भाषणों में पाखंड की बू आती है।

UN में भारत के स्थायी मिशन के अधिकारी क्षितिज त्यागी ने जेनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में ये बातें कहीं।

भारत ने कहा- पाकिस्तान हमेशा झूठ फैलाता है क्षितिज त्यागी ने कहा कि हमें इसमें कोई आश्चर्य नहीं होता कि पाकिस्तानी नेता आतंकियों की तरफ से प्रचारित झूठ को फैलाते हैं। पाकिस्तान ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन को अपना मुखपत्र बताकर संगठन का मजाक उड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संगठन का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है।

भारत बोला- पाकिस्तान पहले अपने यहां के हालात देखे क्षितिज त्यागी ने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से लगाए गए आरोपों पर कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। पाकिस्तान को भारत के बजाय अपने देश के हालात बदलना चाहिए। त्यागी ने ये भी कहा, इनकी (पाकिस्तान) बयानबाजी में पाखंड की बू आती है। इसकी हरकतें अमानवीय हैं और ये शासन व्यवस्था चलाने में अक्षमता हैं। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

## जयपुर में सुनिधि चौहान के गीतों पर थिरके कदम : धूम मचा ले गाने के साथ मंच पर ली एंट्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सिंगर सुनिधि चौहान के कंसर्ट के साथ पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के एनुअल स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट लक्ष्य 2025 का यादगार समापन हुआ। उन्होंने अपनी आवाज में कई हिट नंबर्स प्रस्तुत किए, जिन्हें यहां उपस्थित करीब 9 हजार स्टूडेंट्स व फैकल्टी मेंबर्स ने भरपूर एंजॉय किया। सुनिधि ने अपने लोकप्रिय गीत धूम मचा ले के साथ जैसे ही मंच पर एंट्री की, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद उन्होंने हाई एनर्जी वाले माहौल में क्रेजी किया रे, ये जो हल्का हल्का सुरूर है, सजना जी वारी वारी, देसी गर्ल, हुआ छोकरा जवां रे जैसे कई तरानों की दिलकश प्रस्तुतियां देकर इस फेस्ट को कभी ना भूलने वाला आयोजन बना दिया।

इससे पूर्व पूर्णिमा ग्रुप के चेयरमेन शशिकांत सिंघी ने पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फेस्ट आरोहण-25 का उद्घाटन किया। दोपहर में राजस्थान रॉयल्स के प्लेयर शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी और टीम मैनेजर रोमी भिंडर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंचे और स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन किया।

कैंपस ग्राउंड में फ्रीस्टाइल मोटोक्रॉस और रेड बुल एफएमएक्स भी आयोजित किए गए, जहां बाइक राइडर्स के हैरतअंगेज स्टंट देखने को मिले।

## जयपुर में लाइन टूटने से गैस लीक, ट्रैफिक रोका

#### बीसलपुर लाइन बिछाई जा रही थी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में जेसीबी से खुदाई के दौरान पीएनजी गैस पाइप लाइन डैमेज हो गई, जिससे गैस लीक होने लगी। रिसाव को देखते हुए सड़क के दोनों तरफ 500-500 मीटर पर ट्रैफिक रोका गया। कंपनी के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद लाइन ठीक हुई, जिसके बाद ट्रैफिक शुरू किया गया। घटना करधनी थाना इलाके में 9 दुकान के पास की है। सीआई सवाई सिंह ने बताया- आज दोपहर 12.10 बजे में बीसलपुर लाइन डालने के लिए जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान कालवाड़ रोड पर 9 दुकान के पास एसीपी कार्यालय के बाहर जेसीबी ड्राइवर ने टोरेंट कंपनी की लाइन को डैमेज कर दिया। डैमेज होने पर गैस रिसाव शुरू हो गया। मजदूरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीआई करधनी सवाई सिंह ने बताया- समय पर जानकारी मिलने से कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई, जिससे गैस का अधिक रिसाव नहीं हुआ। अगर गैस का अधिक रिसाव हुआ होता और बड़ा हादसा हो सकता था। कई किलोमीटर का एरिया इस गैस की चपेट में आ जाने से बड़ी घटना हो सकती थी।

# जयपुर में 233 केंद्रों पर आयोजित हुई रीट एग्जाम

## स्टूडेंट्स ने बताया सरल रहा पेपर का लेवल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली रीट एग्जाम का गुरुवार को पहला दिन था रीट एग्जाम 27 और 28 फरवरी को 3 पारियों में आयोजित होगी, रीट एग्जाम के लिए पूरे राजस्थान के 41 जिलों में 1 हजार 731 एग्जाम सेंटर तैयार किए हैं. जिनमें सबसे ज्यादा अभ्यर्थी जयपुर में एग्जाम देने पहुंचे हैं, आपको बता दें जयपुर में 233 केंद्रों पर स्टूडेंट्स रीट एग्जाम देंगे. रीट एग्जाम के लिए प्रशासन की ओर से 24 आरएएस अधिकारियों को रीट को सफलता पूर्वक कराने की जिम्मेदारी दी गई हैं. रीट एग्जाम में जयपुर में गुरुवार को दोनों पारियों में कुल 1,78,950 अभ्यर्थी और शुक्रवार को 91,068 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. इसलिए जयपुर में सबसे ज्यादा रीट अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिल रही हैं.जयपुर में सबसे ज्यादा अभ्यर्थी होने की वज़ह से बस और रेलवे स्टेशन पर भी अभ्यर्थियों की सबसे ज्यादा भीड़ हैं. लोकल-18 ने जयपुर मे रीट एग्जाम को लेकर एग्जाम सेंटर पर एग्जाम देकर बहार आए स्टूडेंट्स से पेपर के लेवल को लेकर बातचीत की तो स्टूडेंट्स बताते हैं पेपर ज्यादा कठिन नहीं था. सभी विषयों के सवाल ठीक थें, पेपर सेलेब्स के हिसाब से ही आया हैं.लम्बे समय से तैयार कर स्टूडेंट्स के लिए पेपर सरल हैं लेकिन जिनकी तैयारी ठीक नहीं रहीं उनके लिए पेपर कठिन रहा.



#### कड़ी सख्ती और चेतावनी के साथ हुई रीट एग्जाम

रीट एग्जाम से पहले ही बोर्ड और प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों के लिए एग्जाम को लेकर सभी दिशा निर्देश और अनुचित साधन प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए चेतावनी जारी कर दी थी, जिसमें सभी एग्जाम सेंटर के बाहर दिशा निर्देश लगा दिए गये . जिसमें बताया गया हैं कि REET-2024 परीक्षा के दौरान पेपर लीक करने, अनुचित सामग्री लाने, उसका प्रयोग करने, परस्पर नकल करने, कोई बाहरी सहायता से नकल करने . परीक्षाकाल में प्रश्न-पत्र/ओ .एम आर शीट परीक्षा केन्द्र से बाहर ले जाने / भेजने अन्य से उत्तर हल कराने आदि अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 2022 के अन्तर्गत 3 वर्ष तक का कारावास, न्यूनतम 1 लाख रुपए का अर्थदण्ड एवं सार्वजनिक परीक्षा से 2 वर्ष के लिए वंचित किया जाएगा, साथ ही परीक्षा एजेन्सी के साथ मिलीभगत कर अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी सहित सम्बन्धित व्यक्ति की 6 से 10 वर्ष तक का कारावास एवं 10 लाख से 10 करोड़ रु . तक का अर्थदण्ड दिए जाने का प्रावधान हैं, अनुचित साधन प्रयुक्त करने वाले परीक्षार्थी के विरुद्ध उपरोक्त विधेयक में किये गए प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### रीट देने पहुंची युवती को नहीं मिली एंट्री, रोने लगी

राजस्थान के सरकारी स्कूल में टीचर बनने के लिए सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती से पहले रीट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेशभर में आयोजित हो रही पात्रता परीक्षा में इस बार सबसे ज्यादा अभ्यर्थी राजधानी जयपुर में रजिस्टर्ड हुए है। जिन्हें जिला प्रशासन की देखरेख में शिक्षा विभाग द्वारा एग्जाम सेंटर में एंट्री दी गई। इस दौरान लेट हुए अभ्यर्थियों को सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। जो गेट पर ही रो पड़े। फिलहाल पहली पारी की परीक्षा समाप्त हो गई है।

दरअसल, जयपुर में रीट पहली पारी की परीक्षा के लिए 87 हजार 413 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जिनके लिए सुबह 10 से दोपहर 12 :30 बजे तक 220 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का आयोजन किया गया। वहीं अब दोपहर तीन से शाम 5 :30 बजे तक दूसरी पारी की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 91 हजार 537 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। यह परीक्षा जयपुर के 233 परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी।

## शिवराज भोपाल में बोले- वोट दिलाऊ फैसले करने पड़ते हैं

### चुनाव के डर में कई निर्णय नहीं हो पाते; देश में एक साथ इलेक्शन जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बार-बार चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं। गवर्नेंस प्रभावित होती है, विकास रुक जाता है पैसे की बर्बादी होती है। कई बार तो वोट दिलाऊ फैसले भी करने पड़ते हैं। शिवराज ने भोपाल के एक प्राइवेट कॉलेज में आयोजित एक देश-एक चुनाव कार्यक्रम में स्टूडेंट्स के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा-

अपने देश में और कुछ हो या न हो लेकिन सारे राजनीतिक दल पांचों साल, 12 महीने, हर हफ्ते, 24 घंटे एक ही तैयारी करते हैं, वो है अगला चुनाव। उसी तैयारी में लगे रहते हैं। शिवराज ने कहा कि अब पिछले साल नवंबर-दिसंबर में एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। विधानसभा चुनाव की थकान उतरी नहीं थी कि 4 महीने बाद ही लोकसभा चुनाव आ गया। विधानसभा चुनाव में 6 महीने तो कुछ हुआ ही नहीं था।

आचार संहिता, कोड ऑफ कंडक्ट के कारण विकास के काम ठप थे। वो चुनाव हुए और चार महीने बाद फिर लोकसभा के चुनाव आ गए। चार-छह महीने नहीं गुजरे कि फिर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र के चुनाव आ गए और नेता फिर चुनाव में भिड़ गए।

## तमिलनाडु सीएम बोले- हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया : यूपी-बिहार कभी हिंदी क्षेत्र नहीं थे

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि जबरन हिंदी थोपने से 100 सालों में 25 नॉर्थ इंडियन भाषाएं खत्म हो गई। स्टालिन ने गुरुवार को ट्वीटर पर पोस्ट करते हुए कहा- एक अखंड हिंदी पहचान की कोशिश प्राचीन भाषाओं को खत्म कर रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी हिंदी क्षेत्र नहीं थे। अब उनकी असली भाषाएं अतीत की निशानी बन गई है।

स्टालिन ने लिखा- दूसरे राज्यों के मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है? भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रहे हैं।

#### कैसे शुरू हुआ ट्राई लैंग्वेज वॉर

धर्मेंद्र प्रधान ने 15 फरवरी को वाराणसी के एक कार्यक्रम में तमिलनाडु की राज्य सरकार पर



राजनीतिक हितों को साधने का आरोप लगाया था।

**धर्मेंद्र प्रधान के बयान के बाद तमिलनाडु के सीएम और डिप्टी सीएम के बयान**-18 फरवरी को उदयनिधि स्टालिन बोले- केंद्र लैंग्वेज वॉर शुरू न करें चेन्नई में डीएमके की रैली में उदयनिधि स्टालिन ने कहा- धर्मेंद्र प्रधान ने हमें खुलेआम धमकी दी है कि फंड तभी जारी किया जाएगा जब हम तीन-भाषा फॉर्मूला स्वीकार करेंगे। लेकिन हम आपसे भीख नहीं मांग रहे हैं। जो राज्य हिंदी को स्वीकार करते हैं, वे अपनी मातृभाषा खो देते हैं।

## संभल जामा मस्जिद पर हाईकोर्ट ने कल तक रिपोर्ट मांगी

#### कहा- रमजान शुरू हो रहा, इसलिए रंगाई-पुताई की जरूरत; 3 सदस्यीय कमेटी बनाई

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी या नहीं? इलाहाबाद हाईकोर्ट शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। गुरुवार को मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 3 सदस्यीय कमेटी गठित की । इसमें मस्जिद के मुतल्लवी और एएसआई को भी शामिल किया है।

कोर्ट ने कमेटी को निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर यानी कल तक कमेटी मस्जिद का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट दें। इसके बाद कोर्ट रंगाई-पुताई पर अंतिम फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट ने कहा- क्योंकि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इसलिए, मस्जिद में रंगाई-पुताई की जरूरत है।

हालांकि, मस्जिद में ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे होगी? ये कमेटी की रिपोर्ट के बाद कोर्ट तय करेगी। शुक्रवार को 10 बजे जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच पर इस मामले पर फिर सुनवाई होगी।

दरअसल, 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। इससे पहले, रंगाई-पुताई को लेकर मुस्लिम पक्ष डीएम-एएसआई को लेटर भी लिखा था। हालांकि, डीएम ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कहा था- यह मस्जिद एएसआई के अधीन है। ऐसे में हर तरह के निर्णय एएसआई ही लेगी। हिंदू पक्ष रंगाई-पुताई का विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि रंगाई-पुताई से मंदिर के साक्ष्य मिटाए जा सकते हैं। इसलिए परमिशन न दी जाए।

जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि ये पहले हरिहर मंदिर था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )